दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
शुभ बैसाखी

नई दिल्ली। रविवार 13 अप्रैल-2025 | वर्ष : 10 अंक : 113 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# करणी सेना ने लहराई तलवारें और बंदूकें, पुलिस प्रशासन के छूटे पसीने

## सपा सांसद रामजी सुमन का घर छावनी में तब्दील

**आगरा।** आगरा के एत्मादपुर में राणा सांगा जयंती पर रक्त स्वाभिमान रैली में क्षत्रियों का रैला उमड़ा है। हाथों में तलवार और बंदूकों के साथ बड़ी संख्या में इस रैली में हिस्सा लेने के लिए युवा भी पहुंचे हैं। हाईवे की दुकानें बंद करा दी गई हैं। बुलडोजर पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। आयोजन स्थल पर अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। पुलिस ड्रोन से भी निगरानी कर रही है। बड़ी संख्या में उमड़ी को देख पुलिस के पसीने भी छूट रहे हैं। गढ़ी रामी में 20 बीघे से अधिक जमीन पर चार फीट ऊंचा मंच और पंडाल खचाखच भरा है।





एत्मादपुर के गढ़ी रामी में राणा सांगा की जयंती पर आगरा के साथ ही एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, मथुरा, कासगंज, अलीगढ़ सहित तमाम जिलों से लोग पहुंचे हैं। राणा सांगा पर सपा सांसद के विवादित बयान को लेकर आक्रोश साफ नजर आ रहा है। वहीं पुलिस भी अलर्ट है। हालांकि कुछ जगह पुलिस द्वारा इन लोगों को आयोजन स्थल पर पहुंचने से रोकने का प्रयास भी किया गया था लेकिन वो नाकाफी साबित हुए।

सम्मेलन को लेकर पुलिस के निर्देशों के बाद हाईवे की दुकानों को बंद रखा गया है। कोई बुलडोजर लेकर न आए इसके लिए सभी जेसीबी मशीनों को पहले ही जब्त कर लिया गया है। सम्मेलन के दौरान हर गतिविधि की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। सादा कपड़ों में भी पुलिस के साथ खुफिया एजेंसियों के जवान यहां तैनात किए गए हैं।

राणा सांगा पर विवादित बयान देने वाले सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर कड़ा सुरक्षा पहरा लगाया गया है। गढ़ी रामी से ही पहले क्षत्रिय करणी सेना ने कूच कर सांसद के आवास पर हमला किया था। अब इस तरह की कोई अप्रिय घटना न हो, इसे लेकर पुलिस भी अलर्ट है। सपा सांसद के आवास की पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जा रही है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने एमजी रोड पर फ्लैग मार्च किया। बता दें, एमजी रोड पर ही सपा सांसद रामजीलाल सुमन का आवास है।

करणी सेना सम्मेलन के चलते सपा नेताओं को नजरबंद किया गया। पिनाहट के भदरौली स्थित सपा कार्यालय पर पुलिस ने सुबह ही सपा जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत दर्जनों कार्यकर्ता को अपने पहरे में ले लिया।

# नई महानगर की टीम में पुराने खिलाड़ी होंगे कितने रिपीट

## उठ रही है ये मांग अब नए चेहरों को मिले चांस

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा 2027 के चुनावी रण में जुट गई है। गाजियाबाद की बात करें तो यहां उन्होंने संगठन कप्तान के रूप में जिले और महानगर दोनों में बदलाव किया है। जिले में चैनपाल गुर्जर को कमान दी गई है तो महानगर में मयंक गोयल को अध्यक्ष बनाया गया है। मयंक गोयल मूल भाजपाई हैं। संघ पृष्ठभूमि से हैं और वो कार्यकर्ता के देवतुल्य भाव को बखूबी जातने हैं। अब उनकी टीम घोषित होनी है और टीम में आने के लिए पुराने चेहरे प्रयास कर रहे हैं। कोई मंत्री से उपाध्यक्ष बनना चाहता है कोई उपाध्यक्ष से महामंत्री बनना चाहता है। इसी बीच भाजपा में एक संदेश ये गया है कि नए कप्तान के साथ उनकी नई टीम आनी चाहिए। नये चेहरे होने चाहिए और नई थीम होनी चाहिए। सूत्र बताते हैं कि इस बार लगातार रिपीट हो रहे चेहरे डिफीट हो सकते हैं और जो चेहरे स्टे होम वाले अंदाज में हैं उनको मौका मिल सकता है। भाजपा में एक संदेश का अंडर करंट चल रहा है और वो ये है कि अगर वही चेहरे रिपीट हुए तो ये संदेश जायेगा कि भाजपा के पास कार्यकर्ता ही नहीं है। लिहाजा ऐसे में नए युवा ऊजार्वान चेहरों को मौका दिया जाये। पार्टी के पुराने वरिष्ठ और समर्पित चेहरों को आगे लाया जाये। बताते हैं कि इस थीम के आने के बाद कई चेहरों के नाम पर प्रश्नवाचक चिन्ह लग गया है और कई चेहरों के टीम में आने का रास्ता खुल गया है। कौन कौन जा रहे हैं और कौन कौन आ रहे हैं, इसका संदेश लगभग लगभग पहुंच चुका है। जिन्हें आना है उन्होंने भी खामोशी साध ली है और जिन्हें जाना है अब वो भी ज्यादा प्रयास नहीं कर रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि महामंत्री, उपाध्यक्ष और मंत्री पद से कई चेहरे रिपीट होने नहीं जा रहे हैं। इसके अलावा मोर्चों में भी एक बड़ा बदलाव दिखाई दी। यहां पर एक बड़ा सवाल ये भी है कि नदिया पार और लाईन पार का कितना प्रतिनिधित्व रहेगा। नदिया पार का गेट थोडा हैवी हो सकता है और लाईन पार क्षेत्र में उन चेहरों को संजीवनी मिल सकती है जिन्हें संजीवनी नहीं मिली है।




# ऑटो में पहले बैठाते थे सवारी और फिर करते थे लूटपाट

## पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार, ऑटो व लूट का माल बरामद

### -सिहानी गेट पुलिस ने किया लुटेरे का खुलासा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लोगों को पहले सवारी के नाम पर बैठकर फिर उनके साथ लूटपाट करने वाले गिरोह के दो शातिर सदस्यों को सिहानी गेट पुलिस ने गिरफ्तार करने का काम किया है। पकड़े गए आरोपी सचिन और चेतन दोनों वर्तमान में नंदग्राम इलाके में रह रहे थे। पहले यह ऑटो में सवारियों को बैठाते और फिर सुनसान इलाके में उनके साथ लूटपाट किया करते थे। सिहानी गेट पुलिस ने आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सिहानी गेट और नंदग्राम इलाके में की थी वारदात




करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने जानकारी दी है कि पकड़े गए सचिन और चेतन अपने साथियों के साथ मिलकर ऑटो में सवारी के साथ लूटपाट करते थे। पुलिस ने उनके पास से एक मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, लैपटॉप चार्जर, नकदी और घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध चोरी, लूट के साथ ही आर्म्स एक्ट के चार-चार मुकदमे दर्ज हैं।

### चेकिंग अभियान के जरिए मिली सफलता

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने निर्देश में बीते दिनों सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संदिग्ध ऑटो चालकों और अधिक तेज रफ्तार से चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया था। इसी चेकिंग अभियान के दौरान सचिन और चेतन पुलिस के हत्थे चढ़े। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की और कई मामलों की फुटेज देखी तो इनके लुटेरे होने के सबूत मिले। जिसके बाद दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।



# आगरा में करणी सेना की जनसभा में पहुंचे लाखों लोग, भारी पुलिस फोर्स की गई तैनात

**आगरा।** आगरा के एत्मादपुर में राणा सांगा जयंती पर रक्त स्वाभिमान रैली में क्षत्रियों का रैला उमड़ रहा है। हाथों में तलवार और बंदूकों के साथ बड़ी संख्या में इस रैली में हिस्सा लेने के लिए युवा भी पहुंचे हैं। हाईवे की दुकानें बंद करा दी गई हैं। बुलडोजर पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। आयोजन स्थल पर अव्यवस्थाएं फैली हुई हैं। पुलिस ड्रोन से भी निगरानी कर रही है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर रक्त स्वाभिमान रैली में जा रहे लोगों को पुलिस ने सिकंदरा चौराहे पर रोक लिया। तलाशी ली गई तो ट्रॉली के अंदर से डंडे बरामद हुए।



**सम्मेलन स्थल पर लहराए डंडे और हथियार :** आगरा के गढ़ी रामी में आयोजित करणी सेना के रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में युवा डंडे और हथियार लेकर पहुंचे हैं। इस दौरान सम्मेलन में पुलिस फोर्स को देख युवाओं ने हथियार लहराए। गौरतलब है कि करणी सेना की ओर से एक डंडा-एक झंडा के साथ आने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया था।

**कार्यक्रम स्थल पर हेलीकॉप्टर से पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष :** रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं का पहुंचना जारी है। करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह उर्फ वीरू भैया हेलीकॉप्टर से सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे।

**राणा सांगा के सम्मान में...युवाओं में दिखा जोश :** रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में शामिल होने के लिए करणी सेना और क्षत्रिय संगठन के कार्यकर्ताओं का पहुंचना जारी है। आगरा में जगह-जगह सड़कों पर केसरिया झंडे लिए युवाओं के वाहन गुजरते हुए दिखाई दे रहे हैं। हाईवे से बड़ी संख्या में ऐसे वाहन गुजर रहे हैं। राणा सांगा के सम्मान में सर्व समाज मैदान में, राणा सांगा अमर रहे...जैसे नारे लगाते हुए कार्यकर्ता गुजर रहे हैं।

**रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी भी पहुंची :** गढ़ी रामी में आयोजित करणी सेना के रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में शीला सुखदेव गोगामेड़ी भी पहुंची हैं। उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक भी सम्मेलन में शिरकत करने पहुंच हैं। वह करणी सेना के अध्यक्ष रहे सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पत्नी हैं। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या की गई थी।

**एमजी रोड पर सन्नाटा, वाहन खड़े कर बंद किया रास्ता :** करणी सेना और क्षत्रिय संगठनों की रैली के मद्देनजर एमजी रोड पर सांसद आवास के रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। यहां बैरिकेडिंग के साथ मार्ग को बंद करने के लिए बड़े वाहनों का भी सहारा लिया गया है। भगवान टॉकीज चौराहे पर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बुलडोजर खड़े करवाए गए हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों करणी सेना के कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़ सपा सांसद के आवास तक पहुंच गए थे।

**हथियार लहराते हुए सम्मेलन में पहुंचे :** गढ़ी रामी में रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों के आने का सिलसिला जारी है। लोग हथियार लहराते हुए आयोजनस्थल की ओर बढ़ रहे हैं। हाईवे पर कार की छत से इस तरह हथियारों को प्रदर्शन करते हुए युवा सम्मेलन स्थल पर पहुंचे।

### सपा के पदाधिकारी किए गए नजरबंद

करणी सेना सम्मेलन के चलते सपा नेताओं को नजरबंद किया गया। पिनाहट के भदरौली स्थित सपा कार्यालय पर पुलिस ने सुबह ही सपा जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत दर्जनों कार्यकर्ता को अपने पहरे में ले लिया।

### डीसीपी ने फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

एक ओर गढ़ी रामी में आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन में भीड़ बढ़ रही है, वहीं सपा सांसद के आवास की पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जा रही है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने एमजी रोड पर फ्लैग मार्च किया। बता दें, एमजी रोड पर ही सपा सांसद रामजीलाल सुमन का आवास है।

### पुलिस ने शहर में लगाया पहरा

गढ़ी रामी में भीड़ के आने का क्रम जारी है। हालांकि पुलिस ने इन लोगों को रोकने के लिए पहरा लगा दिया है। एत्मादपुर के आसपास पुलिस नजर रखे हुए है। यहां से किसी को भी गढ़ी रामी की ओर जाने नहीं दिया जा रहा है।

# अखिलेश ने शेयर की युवती की पोस्ट, लेखपाल पर हुई कार्रवाई

**अलीगढ़।** डॉक्टर बनने की चाहत लिए नीट की तैयारी कर रही युवती को सिर पर दुपट्टा (हिजाब) के चलते जाति प्रमाण पत्र न मिलने का मुद्दा 11 अप्रैल को पूर्व सीएम अखिलेश यादव के समक्ष पहुंचा। खुद युवती यहां हरदुआगंज के गेस्ट हाउस में उनसे मिली और लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई में सहयोग मांगा। इस पर सपा अध्यक्ष ने इसे सरकार व सिस्टम की अंधेरगर्दी करार देते हुए न्याय दिलाने में सहयोग का भरोसा दिलाया और एक्स एकाउंट पर ट्विट किया।






मामला कोल तहसील के शहर से सटे गांव मंजूरगढ़ी का है। मजदूर सुरेंद्र सिंह की बेटी हेमा कश्यप ने डॉक्टर बनने के लिए नीट का फार्म भरा। जिसमें उससे जाति प्रमाण पत्र मांगा गया। इस पर उसने जाति प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उसमें उसने सिर पर दुपट्टा ढका फोटो लगा दिया। बस उसी फोटो के आधार पर लेखपाल ने एक बार नहीं, बल्कि तीन बार उसका आवेदन जाति संदिग्ध मानते हुए निरस्त कर दिया। इस मामले में हालांकि डीएम से शिकायत पर उसका जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। मगर उसकी जिद है। लेखपाल की लापरवाही से उसकी नीट परीक्षा में शामिल होने का एक वर्ष का समय खराब हो गया। इसी के चलते वह लेखपाल पर कार्रवाई चाहती है।

इसी क्रम में 11 अप्रैल को वह हरदुआगंज के गेस्ट हाउस पहुंची। जहां उसने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। पूरा विषय उनके समक्ष रखा। कहा कि इस मामले में उनसे वह न्याय में सहयोग चाहती है। इस पर अखिलेश यादव ने उसे भरोसा दिलाया।

आज वह बेटी हमसे मिली, जिसका विषय मीडिया ने भी उठाया था। महज उसके पहनावे को लेकर उसका प्रमाण पत्र नहीं मिला, जिससे वह परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेगी। इससे अधिक असंवैधानिक क्या होगा। भाजपा शासन में बेटी को हक सम्मान नहीं मिल पाया। उसका भविष्य अंधकार में चला गया। इसके लिए भाजपा शासन व अधिकारी दोषी हैं।

# करणी सेना मतलब बीजेपी, अखिलेश यादव ने बोला पार्टी पर जोरदार हमला

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सत्ताधारी दल बीजेपी पर हमला बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। इसी क्रम में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक बार फिर बीजेपी सरकार को आड़े हाथों ले लिया है। अखिलेश यादव ने करणी सेना को लेकर कहा कि वो करणी सेना नहीं है, बल्कि वो बीजेपी की सेना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हिटलर के पास टूपर्स थे। वो अपने कार्यकर्ताओं को वर्दी पहनाकर दूसरे नेताओं पर हमला करवाते थे। अखिलेश ने कहा कि करणी सेना मतलब भारतीय जनता पार्टी है। बता दें कि बीते दिनों करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर को घेर लिया था। करणी सेना के कार्यकर्ता सपा सांसद के राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान से बेहद नाराज बताए जा रहे थे।




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं। वो करणी सेना नहीं है, बल्कि वो भारतीय जनता पार्टी की सेना है।

सपा मुखिया ने कहा कि जिस तरह से हिटलर के पास टूपर्स थे। हिटलर के समय टूपर्स होते थे, वो अपने कार्यकताओं को वर्दी पहनाकर दूसरी पार्टी के नेताओं पर अटैक कराते थे। ये करणी सेना कुछ नहीं है। ये भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता है। जो भारतीय जनता पार्टी ही करणी सेना है, करणी सेना मतलब भारतीय जनता पार्टी है। इसके साथ ही सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी न संविधान पर भरोसा करती है, न ही लोकतंत्र पर भरोसा करती है और न ही देश के कानून पर भरोसा करती है।

# भीषण गर्मी में संभल के डीएम बने किसान

## उठाई हंसिया और शुरू कर दी गेहूं की कटाई, लोग बोले-अफसर हो तो ऐसा

**संभल।** भीषण गर्मी में लोग छांव की तलाश करते हैं लेकिन संभल के जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने खेत में उतरकर कुछ ऐसा कर दिखाया कि हर कोई हैरान रह गया। उन्होंने क्रॉप कटिंग योजना के तहत गांव खजरा खाकम में एक खेत में पहुंचकर खुद हंसिया चलाकर गेहूं की कटाई शुरू कर दी। डीएम को पसीना बहाते देख ग्रामीणों की भीड़ लग गई।



लोगों ने उनके इस अंदाज की खूब तारीफ की। इसका वीडियो वायरल हो गया है। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया बुधवार को तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार, लेखपाल आकाश वार्ष्णेय और सचिन मित्तल के साथ खजरा खाकम गांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने किसान रामपाल के खेत में पहुंचकर फसल की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसान से गेहूं की लागत, मेहनत और मुनाफे से जुड़ी पूरी जानकारी ली। इसके बाद जिलाधिकारी खुद खेत में उतरे और हाथ में हंसिया लेकर गेहूं की कटाई शुरू कर दी। उन्होंने न केवल फसल को देखा बल्कि कटाई के बाद उसका वजन भी कराया। क्रॉप कटिंग के मानकों के अनुसार 43.3 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में गेहूं काटा गया, जिससे 23.300 किलोग्राम उपज प्राप्त हुई।

डीएम ने बताया कि फसल उत्पादकता का यह सर्वे क्रॉप कटिंग योजना के तहत किया जाता है। इसमें जिले के कुछ खेतों को रेंडम तरीके से चयनित किया जाता है और निर्धारित आकार के खेत में फसल काटकर उसकी उपज का आकलन किया जाता है। यह रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है, ताकि फसल बीमा योजना के तहत किसानों को सही लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि अगर किसी क्षेत्र में उत्पादकता कम पाई जाती है तो बीमा योजना के तहत किसानों को मुआवजा दिया जाता है। इसलिए अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से जुड़ना चाहिए। डीएम की यह मेहनत और व्यवहारिकता देख गांव के लोग काफी प्रभावित हुए। कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाए जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

# हनुमान जयंती : पवन पुत्र के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़े भक्त

**वाराणसी।** मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेंद्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम वातात्मजं वानरयूथ मुख्य, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये...। पवन से भी अधिक वेगवान भगवान शिव के 11वें अवतार रामभक्त हनुमान की जयंती पर इस बार अद्भुत संयोग है। पांच ग्रहों की युति से मिलकर पंचग्रही योग बना है। इस दुर्लभ संयोग में हनुमान जी की आराधना से भक्तों के बिगड़े काम भी बनने के योग हैं। शहर के हनुमान मंदिरों को जयंती पर रंग-बिरंगे फूलों, हरी पत्तियों और ध्वजा-पताकाओं से सजाया गया है।



इस बार हनुमान जयंती उनके प्रिय दिन शनिवार को है। ऐसा होने से इस जयंती पर्व की महत्ता और भी बढ़ गई है। हनुमान जन्मोत्सव पर हस्त,चित्रा नक्षत्र के साथ हर्षण योग, बुधादित्य योग तथा मीन राशि में पांच ग्रहों की युति से पंचग्रही योग बन रहा है। ऐसे में हनुमान जी की आराधना से सभी प्रकार के कष्ट दूर होंगे। ज्योतिषाचार्य प्रो. ब्रजेंद्र मिश्र के मुताबिक इस जयंती पर हनुमान जी की आराधना से सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। जिन भी जातकों की कुंडली में शनि की ढैया साढ़े साती के अलावा महादशा एवं अंतर्दशा चल रही है ,उनको हनुमान जी की शनिवार को विशेष पूजा अर्चना करने से लाभ प्राप्त होगा।

ज्योतिषाचार्य कावेरी मुखर्जी बताती हैं कि जिन जातकों का चंद्रमा कमजोर स्थिति में हो मुख्यतः चंद्रमा छठवें और आठवें,12वे भाव में विराजमान हो तथा चंद्रमा की युति राहु, केतु या शनि के साथ हो तो ऐसी स्थिति में जो जातक पूर्णिमा का उपवास प्रारंभ करना चाहते हैं वह चैत्र पूर्णिमा से प्रारंभ कर सकते हैं। पूर्णिमा का उपवास रखने से मानसिक शांति प्राप्त होती है। संतान को लेकर कोई समस्या है या वैवाहिक जीवन में कोई बाधा आ रही है तो पूर्णिमा के उपवास मात्र से ही सभी कष्टों का शमन हो जाएगा। सफेद वस्तुओं का दान सबसे लाभकारी होगा।



**ऐसे करें आराधना :** ब्रह्म मुहूर्त में जाग कर दैनिक कार्यों से निवृत्त हो स्नान करें। हाथ में गंगाजल लेकर व्रत का संकल्प लें। पूर्व दिशा में हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करें। हनुमान जी को गंगाजल से स्नान कराकर लाल, भगवा चोला अर्पित करें। घी की अखंड ज्योति प्रज्वलित करें और हनुमान जी को सिंदूर, कुमकुम, अक्षत, लाल पुष्प चढ़ाएं। गुड़, चना, बेसन के लड्डू, बूंदी के लड्डू भोग प्रदान करें। बाएं तरफ जल रखें।

मंत्रः

हनुमान जयंती पर पर इन मंत्रों का उच्चारण करने से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति प्राप्त होगी।

ऊं नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।

ऊं नमो भगवते हनुमते नमः।

हनुमान चालीसा का पाठ कर सकते हैं, सुंदरकांड, रुद्राष्टकम का पाठ करना अत्यंत शुभ फलकारी रहेगा।

### इन उपायों से मिलेगा लाभ

यदि आप शत्रु बाधा, आर्थिक संकट एवं रोग, शोक से पीड़ित हैं हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः काल स्नान के बाद पीले या लाल वस्त्र धारण करें। हनुमान जी के सम्मुख चमेली के तेल से दीपक जलाएं। सिंदूर लेप बजरंगबली को अर्पित करें। लाल या नारंगी रंग का चोला चढ़ाएं एवं गुलाब के फूल की माला हनुमानजी को अर्पित करें। इसके उपरांत एक पान का पत्ता ले ध्यान रखें जो खंडित ना हो। इसके ऊपर थोड़ा सा गुड़ व चना रखकर हनुमान जी को भोग लगाएं।

फीस बढ़ोतरी : को 'बंधक' बनाने का आरोप

# वसंत कुंज के स्कूल का फरमान अभिभावकों की नो एंट्री



**नई दिल्ली।** निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिभावकों का विरोध थम नहीं रहा है। वसंतकुंज स्थित एक निजी स्कूल ने अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

वहीं, द्वारका के नामी निजी स्कूल के खिलाफ शुक्रवार को भी अभिभावकों का प्रदर्शन जारी रहा। अभिभावक परविंदर सिंह ने बताया कि स्कूल प्रशासन ने सात अभिभावकों की नोटिस के साथ एक सूची स्कूल के प्रवेश द्वार पर लगाई है। इसमें दुर्व्यवहार के आरोप के आधार पर उनको स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध लगाया है। अभिभावकों का कहना है कि गैर मंजूर फीस का विरोध करने पर स्कूल प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। इसका पुरजोर विरोध करते हैं। साथ ही सार्वजनिक तौर पर नाम चस्पा करना अभिभावकों के सम्मान को ठेस पहुंचना है।

स्कूल के इस कृत्य के खिलाफ शिक्षा निदेशालय को शिकायत की गई है। निदेशालय से हमारी मांग है कि वह स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बढ़ी फीस का भुगतान न करने पर स्कूल ने नए शैक्षणिक सत्र को लेकर बच्चों को वाट्सएप ग्रुप से भी नहीं जोड़ा है।

बच्चे स्कूल जरूर जा रहे है, लेकिन शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर उन्हें कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है। इसी स्कूल के खिलाफ आर्थिक पिछड़ा वर्ग के अभिभावक भी किताबों के लिए पिछले एक हफ्ते से चक्कर लगा रहे है। लेकिन उन्हें भी अभी तक किताब नहीं मिली है।

**द्वारका मामले में निरीक्षण रिपोर्ट विभाग को सौंपी :** द्वारका स्थित स्कूल के खिलाफ अभिभावकों ने छठे दिन भी प्रदर्शन किया। स्कूल पर फीस बढ़ोतरी और लाइब्रेरी में बंधक बनाकर बच्चों को बिठाने का आरोप है। इसको लेकर अभिभावक विरोध जता रहे है।

### केजरीवाल ने कहा शिक्षा माफिया की जकड़ में दिल्ली के लोग

निजी स्कूलों की ओर से मनमानी फीस वृद्धि को लेकर आप ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। शुक्रवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने द्वारका स्थित डीपीएस स्कूल की ओर से बढ़ी फीस जमा नहीं कर पाने वाले बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बनाए रखने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली के लोग फिर से पूरी तरह शिक्षा माफिया की जकड़ में हैं। शिक्षा माफिया की इतनी हिम्मत हो गई कि वह बच्चों से बदसलूकी कर रहा है। नेता और मंत्री की मदद से स्कूल ऐसा कर पा रहे हैं।

# शोध : मिट्टी और हवा में धातु की अधिकता बना सकती है किडनी में पथरी

## एम्स विशेषज्ञों का कहना है कि 30 और 40 की उम्र के युवाओं में यह बीमारी आम

**नई दिल्ली।** हवा और मिट्टी में कोबाल्ट व क्रोमियम की उपलब्धता किडनी में पथरी की समस्या बना सकती हैं। यह खुलासा एम्स के एक शोध में हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोबाल्ट एक धातु तत्व है। इसका इस्तेमाल कई उद्योगों में किया जाता है। वहीं क्रोमियम एक रसायनिक तत्व व खनिज है। यह चमकीली, सलेटी-भूरे रंग की सख्त, लेकिन आसानी से टूट जाने वाली धातु होती है। क्रोमियम का इस्तेमाल कई तरह के उत्पादों में किया जाता है। इनकी उपलब्धता कई जगहों पर होती है। इनके कारण हवा और मिट्टी प्रदूषित होती है। इन जगहों पर रहने वाले लोगों में किडनी में पथरी रोग होने की आशंका रहती है।






शोध बताता है कि इनके कारण व्यक्ति की किडनी में कैल्शियम ऑक्सालेट पत्थर बनने की आशंका रहती है। शोध में डॉक्टरों को भविष्य में इसके उपचार की नीति बनाने में मदद मिल सकती है। साथ ही जिन जगहों पर धातु की अधिकता है, हवा और मिट्टी में उनके प्रदूषक तत्व ज्यादा हैं, उसे लेकर रणनीति बनाने में मदद मिल सकती है। विशेषज्ञों ने इस शोध को एम्स स्थापना दिवस पर प्रदर्शित किया।

**ऐसे किया गया अध्ययन :** इस अध्ययन में विशेषज्ञों का उद्देश्य किडनी की पथरी वाले रोगियों के रक्त, मूत्र और पथरी के टुकड़ों में धातु तत्वों की सांद्रता का विश्लेषण करना और उनकी तुलना किडनी की पथरी के बिना रोगियों के रक्त और मूत्र में सांद्रता से करना है। यह भारत में पहला अध्ययन है जो तीनों मैट्रिक्स में धातु तत्वों की जांच करता है। यह संभावित रूप से पथरी बनने के लिए परिवर्तनीय जोखिम कारकों की पहचान करता है।

**शोध में यह विशेषज्ञ थे शामिल :** एम्स के मूत्र विज्ञान विभाग, शरीर रचना विभाग, प्रयोगशाला चिकित्सा विभाग के डॉ. छाबड़ा स्वेशा, डॉ. सेठ अमलेश, डॉ. अहमदुल्ला शरीफ, डॉ. जावेद अहसन कादरी, डॉ. श्याम प्रकाश और डॉ. कुमार संजय विशेषज्ञ।

**30 और 40 की उम्र के युवाओं में आम :** विशेषज्ञों का कहना है कि करीब 10 में से 1 व्यक्ति को अपने जीवनकाल में किडनी की पथरी हो सकती है। 30 और 40 की उम्र के पुरुषों में यह सबसे आम है।

**किडनी की पथरी के लक्षण :** किडनी की पथरी का सबसे आम लक्षण पीठ के निचले हिस्से, पेट या बगल में दर्द है। ऐसा महसूस हो सकता है कि यह कमर से बगल तक दर्द फैल गया हो। यह हल्का दर्द या तेज और गंभीर भी हो सकता है।

**इस कारण किडनी में बन सकते हैं स्टोन :** पेशाब में खनिज, अम्ल और अन्य पदार्थ होते हैं। इसमें कैल्शियम, सोडियम, ऑक्सालेट और यूरिक एसिड शामिल हैं। जब हम पानी पीते हैं तो यह पेशाब के रास्ते शरीर से बाहर निकल जाता है, लेकिन कम पानी पीने के कारण पेशाब में इन पदार्थों के कण बहुत ज्यादा हो जाते हैं।

तरल पदार्थ कम होने के कारण यह आपस में चिपकना शुरू कर सकते हैं, जिससे पत्थर बन सकते हैं। किडनी की पथरी कई महीनों या साल में बन सकती है।

इसके अलावा उच्च ऑक्सालेट या कम कैल्शियम वाले खाद्य पदार्थ खाने से भी किडनी में स्टोन बनने की आशंका रहती है।




## सपाइयों ने किया बाबा साहब को याद

# सपा ने हमेशा किया बाबा साहब का सम्मान : अभिषेक गर्ग

### सपा द्वारा 8 से 14 अप्रैल तक प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है स्वाभिमान सम्मान समारोह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** इन दिनों केंद्र से लेकर राज्य की सरकारें और अलग-अलग राजनीतिक दल संविधान रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपना आदर्श होने का दावा कर रहे हैं। उनके बताएं मार्ग पर चलने का संदेश दे रहे हैं। तो भाजपा से लेकर सपा और बसपा से लेकर कांग्रेस को बाबा साहब की भरपूर याद आ रही है। वहीं इन दिनों समाजवादी पार्टी द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जहां 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पूरे प्रदेशभर में सभी जिलों के अंतर्गत स्वाभिमान स्वमान समारोह आयोजित किया जा रहा है। तो इसी कड़ी में शनिवार को गाजियाबाद के सपा नेता और प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग के नेतृत्व में सदर विधानसभा-56 पर नया गंज में उनके कार्यालय पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न सिर्फ डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में उन्हें याद किया गया, बल्कि बाबा साहब के बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के जिला और महानगर इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही सपा नेता अभिषेक गर्ग ने कहा है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का जितना सम्मान और अनुसरण समाजवादी पार्टी कर रही है, उतना कोई नहीं कर रहा। शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भाग लिया और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा नेता भी शामिल हुए।



### भीड़ जुटाकर फिर अभिषेक गर्ग ने दिखाई अपनी ताकत



करंट क्राइम : डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सपा नेता अभिषेक गर्ग के नेतृत्व में सदर विधानसभा 56 में नया गंज स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित स्वाभिमान स्वमान समारोह में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के जिला और महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपा नेताओं को जोड़कर अभिषेक गर्ग ने फिर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया है। साथ ही शहर विधानसभा सीट पर हुए इस आयोजन से बड़ा संदेश भी दिया गया है।

### सपा ने हमेशा किया है बाबा साहब का सम्मान

करंट क्राइम : कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामेश्वर दत्त ने कहा है कि समाजवादी पार्टी ने सदैव संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सम्मान किया है। तो वही जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने भी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती अवसर पर आयोजित स्वाभिमान स्वमान समारोह में में पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### इन सपा नेताओं की कार्यक्रम में रही उपस्थिति





करंट क्राइम : सपा नेता अभिषेक गर्ग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर दत्ता द्वारा की गई। तो वहीं सतीश पार्चा महानगर अध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी, सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, राजन कश्यप ,मोदीनगर विधानसभा अध्यक्ष देवदत्त धामा, डॉक्टर अबरार मुरादनगर, राजेंद्र यादव, अलाउद्दीन अब्बासी, इरफान, अमानत चौधरी, फरीदुद्दीन चौधरी, आसिफ मलिक संदीप चौधरी, जगमोहन ,राकेश सूद, सादिक पार्चा, सूरज, दीपक, नौशाद और शाहिद सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व नेतागण उपस्थित रहे।

## पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने जताया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार

# कहा, नया वक्फ बोर्ड कानून के बाद बदलेगी संपत्तियों की दशा और सिस्टम में आयेगा सुधार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए बताया कि पिछले दिनों भारत के लोक सभा से वक्फ काननू में संशोधन कर नया काननू लागू किया गया। जिसको राष्ट्रपति महोदया की भी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं और वह अब एक काननू में परिवर्तित हो चुका हैं। मुसलिम समुदाय और उनके संगठन उपरोक्त काननू का विरोध कर रहे हैं। यहाँ तक की दो मुसलमान सांसद भी सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर कर इस काननू को निरस्त करने का मुकदमा लड़ रहे हैं और उनके दोंनो वकिल भी सांसद ही है, मा० कपिल सिब्बल व मा० अभिषेक मनु सिंगवी। जबकि यह कानून लोक सभा और राज्य सभा में पारित हुआ हैं और इन दोंनों सांसदों ने संसद की सदस्यता ग्रहण करते समय भारत के संविधान की शपथ ली हैं और इस शपथ में उन्होंने यह स्पष्ट शपथ ली हैं कि मैं भारत के कानून के अंतर्गत कार्य करूँगा। इस प्रकार वक्फ संशोधित बिल जो अब एक काननू हैं उसकी स्वीकृति भी लोक सभा व राज्य सभा ने ही दी है। एक सांसद होते हुए उनको इसका विरोध करने का कोई न्याय संगत अधिकार नहीं हैं। अब रही बात मा० कपिल सिब्बल व मा० अभिषेक मनु सिंगवी जी की तो वह भी राज्य सभा के सांसद हैं। उन्होंने भी भारत के संविधान की शपथ ली हुई हैं और यहीं नहीं वह आज भी बतौर राज्य सभा सांसद भारत सरकार से तनख्वाह, कोठी, बंगला व कार लेते हैं। जब तक वह सरकारी सुविधायें लेगें तब तक उन्हें वाकालत करने का कोई अधिकार नहीं हैं।

पूर्व पार्षद ने कहा कि यदि भारत का कोई आम नागरिक भारत सरकार अथवा प्रदेश सरकार की कहीं भी नौकरी करता हैं और सरकार से तनख्वाह पाता हैं तो उस पद के अनुसार बिना सरकार के इजाजत के कोई अन्य कार्य नहीं कर सकता। जब आम नागरिक सरकारी सुविधायें लेने के बाद कोई अन्य कार्य नहीं कर सकता तो ये सांसद जब तक सरकारी सुविधायें ले रहें है कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते। क्या देश में आम नागरिक व सांसद के लिए अलग अलग कानून हैं। वक्फ कानून का विरोध मात्र इसलिये हैं कि जो वक्फ की संपत्तियों इन्होंने जबरदस्ती कब्जाई हुई हैं वह अब इनके कब्जे से निकल जाने का डर हैं। इस संशोधित वक्फ काननू के अनुसार अब सम्पत्ति के कागज तो दिखाने हीं होंगे। देश आजादी के समय वक्फ बोर्ड के पास मात्र 40 हजार एकड भूमि थी पिछले 70-75 वर्षों में यह भूमि 9 लाख एकड़ तक कैसे पहुँच गई, इसका जवाब तो देना ही पडेगा। नया वक्फ कानून बनाये जाने के लिए एक बार फिर मोदी सरकार का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

## इस साल कमिश्नरेट में बनेंगे कई अधिकारियों के आवास

# जिस जोन में होगी पोस्टिंग उसी जोन में रहेगा निवास

### - की जा रही है जमीन की खोज, कई जगह होगा निर्माण कार्य

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद
उत्तर प्रदेश पुलिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम बनने के बाद अब यहां अधिकारियों के रहने के लिए उपयुक्त आवास और अपनी वर्किंग बेहतर बन सके इसके लिए उनका इस जोन में निवास देने का कार्य शुरू हो चुका है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कमिश्नरेट जोन ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों के आवास उसी जोन में बनाए जाएंगे।

साथ ही सभी एसीपी स्तर के अधिकारियों के भी आवास सर्किल वार बनाए जाएंगे ताकि उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान जाने में अधिक समय ना लगे।

सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी नए आवास बनवाने के लिए भूमि की तलाश कर रहे हैं। साथ ही नई भूमि मिले इसके लिए कई अधिकारियों को पत्र भी लिखे गए हैं।



### डीसीपी ट्रांस हिंडन और ग्रामीण का जोन में ही बनेगा आवास

करंट क्राइम : बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि जहां उनकी पोस्टिंग है। वहीं उनका आवास और निवास होना चाहिए ताकि वर्किंग ठीक प्रकार से हो। अधिकारी हर समय उपलब्ध हो सकें और उनके समय की भी बचत हो। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डीसीपी ट्रांस हिंडन और देहात जोन के अधिकारियों के लिए उन्हीं के जोन में आवास बनाने के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन मिलने के बाद वहां निर्माण कार्य शुरू होगा। बता दें कि अभी केवल सिटी जोन के डीसीपी का आवास सिटी जोन में है जबकि ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के अधिकारियों का आवास पुलिस लाइन में हैं।

### एसीपी स्तर के अधिकारियों के सर्किल में बनेंगे आवास

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के अंतर्गत आने वाले एसीपी स्तर के अधिकारियों के आवास भी इसी सर्किल में होंगे। जहां पर उनकी पोस्टिंग है। एसीपी स्तर के अधिकारियों के लिए भी बड़ी संख्या में आवास बनाए जाने हैं ताकि वहां एसीपी इसमें रह सके और उनकी वर्किंग का और समय का बेहतर सदुपयोग हो सके।

### भूमि के लिए लिखे गए हैं कई विभागों को लैटर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अधिकारियों द्वारा नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद और जिलाधिकारी को लैटर लिखा गया है कि उनके क्षेत्र में कौन सी ऐसी सरकारी जमीन है, जहां गस्टेड अधिकारियों के आवास बनाए जा सकते हैं। उन स्थानों के लिए शासन से अनुमति लेकर वहां निर्माण कराया जा सके। बता दें कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में बड़ी संख्या में गजेटेड और आईपीएस अधिकारी पोस्ट हैं। उनके लिए आवास अब बेहद आवश्यक हो रहे हैं।

# अग्निशमन विभाग ने शुरू किया लोगों को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षण देने का अभियान

## शनिवार को 19 औद्योगिक प्रतिष्ठानों में 430 लोगों को किया गया प्रशिक्षित

### - रोजाना सैकड़ों लोगों को दी जा रही है आग बुझाने की प्रारंभिक ट्रेनिंग









**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गर्मी का मौसम अभी पूरी तरीके से अपना रंग नहीं दिख रहा है। बावजूद इसके गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में दमकल विभाग ने आग लगने के मामलों में भीषण इजाफा होने पर आग लगने की कई घटनाओं ने कमी लाने की तैयारी शुरु कर दी है।

दमकल विभाग के अधिकारियों को आग लगने पर भारी मशक्कत में आना पड़ता है। तो वहीं अधिकारी इस बात को लेकर हैरान और परेशान हैं कि अगर कोई बेहद भीषण अग्नि हादसा होता है, तो उसमें लोगों को कैसे सुरक्षित निकाला और बचाया जाएगा। आग की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने की वजह से खतरा बढ़ रहा है। इसके लिए दमकल विभाग गाजियाबाद के अधिकारी प्रतिदिन औद्योगिक प्रतिष्ठानों और रिहायशी इलाकों में कैंप लगाकर लोगों को आग से बचाव के प्रारंभिक तरीका बता रहे हैं। साथ ही आग लगने पर क्या करें और क्या ना करें, इसकी भी ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही आग बुझाने के यंत्र किस प्रकार संचालित किए जाते हैं, इसके लिए भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### बड़े स्तर पर चलाया जाएगा यह पूरा अभियान

करंट क्राइम : दमकल विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि इस बार गर्मी ज्यादा पड़ रही है। गर्मी अधिक होने की वजह से दिनभर विद्युत उपकरण चालू रहते हैं। जिस वजह से शॉर्ट सर्किट और अन्य घटनाएं बढ़ गई हैं। आग लगने की घटनाएं अधिक हो रही हैं। ऐसे में हादसों से जनहानि कम से कम हो और कहीं पर लोग न फंसे इसके लिए आम लोगों को आग से बचाव की ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही सीएफओ राहुल पाल ने बताया है कि किस प्रकार से आग लगने पर सावधानी बरती जाए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा है कि अब तक बड़ी संख्या में लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और इस अभियान को आने वाले कई माह तक जारी रखा जाएगा ताकि बड़ी संख्या में लोगों को आग से बचाव का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके।

### आग लगने पर इन बातों पर दें सबसे पहले ध्यान

1. आग लगने पर तुरंत 112 नंबर पर कॉल करके सूचना दें। यह न सोचें कि कोई दूसरा इसकी सूचना पहले ही दे चुका होगा।
2. आग लगने पर सबसे पहले इमारत की अग्नि चेतावनी की घंटी (फायर अलार्म) को सक्रिय करें। फिर बहुत जोर से आग-आग चिल्लाकर लोगों को सचेत करें। चेतावनी कम शब्दों में ही दें, नहीं तो लोगों को घटना की गंभीरता समझने में ज्यादा समय लग जाएगा।



4. धुएं से घिरे होने पर अपनी नाक और मुंह को गीले कपड़े से ढक लें।
5. अगर आप धुएं से भरे कमरे में फंस जाएं और बाहर निकलने का रास्ता न हो, तो दरवाजे को बंद कर लें और सभी दरारों और सुराखों को गीले तौलिये या चादरों से सील कर दें, जिससे धुआं अंदर न आ सके।
6. अगर आग आपकी अपनी ईमारत में लगी है और आप उसमें फंसे नहीं हैं तो पहले बाहर आएं और 101 नंबर पर फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दें।
7. अपने घर और कार्यालय में स्मोक (धुआं) डिटेक्टर जरूर लगाएं क्योंकि अपनी सुरक्षा के उपाय करना हमेशा बेहतर और अच्छा होता है।
8. समय-समय पर इमारत में लगे फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, पानी के स्त्रोत, अग्निशामक की जांच करवाते रहें।
9. घटनास्थल के नजदीक भीड़ न लगने दें, इससे आपातकालीन अग्निशमन सेवा और बचाव कार्य में बाधा होती है। ऐसी स्थिति में 101 पर कॉल करें और वहां से दूर हो जाएं।
10. आग लगने पर लिफ्ट का उपयोग न करें, सिर्फ सीढ़ियों का ही प्रयोग करें।
11. यदि आपके कपड़ो में आग लग जाए तो भागे नहीं, इससे आग और भड़केगी। जमीन पर लेट जाए और उलट पलट (रोल) करें। किसी कम्बल, कोट या भारी कपड़े से ढक कर आग बुझाएं।

## संपादकीय

# ट्रंप की टैरिफ रणनीति

अमेरिकी राष्ट्रपति को अब शायद यह बात समझ आने लगी है कि उनकी रणनीति बहुत कारगर साबित नहीं होने वाली। शायद इसीलिए अब बातचीत की संभावना भी खोजी जाने लगी है। सत्ता की बागडोर संभालते ही जिस तरह उन्होंने दुनिया के तमाम देशों को पहले धमकाया और फिर पारस्परिक शुल्क लगा दिया, उससे उन्हें शायद यकीन था कि सारे देश उनके आगे घुटने टेक देंगे और अमेरिका की अर्थव्यवस्था कुलांचे भरनी शुरू कर देगी। मगर पारस्परिक शुल्क लगाने के साथ ही दुनिया भर में उनका विरोध शुरू हो गया।

खुद अमेरिका में ट्रंप को अभूतपूर्व विरोध का सामना करना पड़ा बाजार नीचे की तरफ लुढ़कने शुरू हो गए। खुद अमेरिका में ट्रंप को अभूतपूर्व विरोध का सामना करना पड़ा। ऐसे में, उन्होंने अपनी शुल्क नीति पर विराम लगाना पड़ा। कुछ देशों पर उन्होंने नब्बे दिनों के लिए अपनी शुल्क नीति पर रोक लगा दी। हालांकि चीन के साथ उनका शुल्क युद्ध रोज एक नया मोड़ लेता दिख रहा है। अब चीन ने भी अमेरिका पर सवा सौ फीसद का जवाबी शुल्क लगा दिया है। फिर भी अमेरिका को लगता है कि चीन जल्दी ही घुटने टेक देगा और वह ट्रंप से बातचीत की मेज पर आएगा। पर चीन ने दूसरे देशों को अमेरिका के खिलाफ अपने पक्ष में एकजुट करना शुरू कर दिया है।

डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक शुल्क नीति से सबसे अधिक नुकसान खुद अमेरिका को होता नजर आ रहा है। चीन ने दूसरे देशों को कुछ रियायत के साथ अपने उत्पाद बेचने की पेशकश शुरू कर दी है। उसके बाजार पर बहुत प्रतिकूल असर नजर नहीं आ रहा। चीन का निर्यात प्रभावित होने से अमेरिकी बाजार में जरूर सुस्ती पसरनी शुरू हो गई है। हालांकि ट्रंप ने माना कि कुछ बड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए दवाएं देनी पड़ती हैं। मगर अमेरिकी नागरिक महंगाई की मार को बहुत देर तक झेलने की स्थिति में नहीं हैं। जिन देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की तिथि नब्बे दिनों के लिए टाल दी गई है, उनमें भी आधार शुल्क दस फीसद लागू है। इसी से वहां महंगाई बढ़ गई है। अगर ट्रंप अपनी जिद पर अड़े रहते हैं और नब्बे दिन बाद पारस्परिक शुल्क लागू करते हैं, तो दूसरे देश भी वैसा करने को तैयार हैं। यहां तक कि यूरोपीय संघ भी उनके इस फैसले के विरोध में है और उसने अपने जवाबी शुल्क की तारीख नब्बे दिन के लिए टाल दी है। इस तरह ट्रंप को अपने ही सहयोगियों का कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। ट्रंप की पारस्परिक शुल्क नीति से सबसे अधिक विश्व व्यापार संगठन की नीतियों का उल्लंघन हो रहा है। उचित ही उसने भी ट्रंप के इस कदम पर कड़ा एतराज जाहिर किया है। विश्व व्यापार संगठन का गठन ही इस इरादे से किया गया था कि दुनिया के देश आसान नियम-शर्तों के साथ वाणिज्य-व्यापार कर सकें। उसमें गरीब देशों को शुल्कों में रियायत देने और अमीर देशों से कुछ शुल्क वहन करने की अपेक्षा की गई थी। उसी नीति के तहत अमेरिका को गरीब देशों से आयात होने वाली वस्तुओं पर शुल्क देना पड़ता था। ट्रंप ने उस नियम को दरकिनार कर दिया है। इस तरह पूरी दुनिया की आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होंगी और वाणिज्य-व्यापार के नए समीकरण बनेंगे, जिससे व्यापार युद्ध का खतरा गहराता जाएगा। मगर आर्थिक विशेषज्ञों को यकीन है।

# विकसित देशों के साथ व्यापार बढ़ाने पर हमारा फोकस : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में अब तक चीन से ज्यादा निवेश नहीं आया है और सरकार चीन से कोई बड़ा निवेश लाने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने बताया कि भारत का उद्देश्य विकसित देशों के साथ अपने व्यापार को जोड़ना है, जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसरों में विश्वास रखते हैं।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अब तक चीन से ज्यादा निवेश नहीं आया है और सरकार भी चीन से कोई बड़ा निवेश लाने के पक्ष लाने के पक्ष नहीं है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि भारत की अर्थव्यवस्था को उन विकसित देशों से जोड़ा जाए, जो निष्पक्ष व्यापार में भरोसा रखते हैं और जहां हमें व्यापार और निवेश का बराबरी का मौका मिले। कानेर्गी इंडिया वर्ल्ड टेक्नोलॉजी समिट को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, हर चीज आपसी भरोसे, पारस्पिक लाभ और बराबरी के आधार पर होगी।गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ से वैश्विक व्यापार व्यवस्था में आए बदलावों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, उन्हें इसमें कोई बड़ी परेशान नहीं दिखती, बल्क यह बदलाव दुनिया के लिए फायदेमंद है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, भारत अपने हितों की रक्षा करेगा। हमारे लिए सबसे पहले भारत है। जो भी हमारे हित में होगा, हम अपनी नीतियों को उसी अनुसार बदलेंगे। इस समय चीन से भारत में शायद ही कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है। पिछले 25 वर्षों में भी यही स्थिति रही है। जब चीन के लिए रास्ते खुले थे, तब भी भारत में ज्यादा निवेश नहीं आया। फिलहाल हम चीन से कोई बड़ा निवेश प्रोत्साहित भी नहीं कर रहे। यही हमारी वर्तमान नीति है। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित देशों के साथ जोड़ें, जो निष्पक्ष व्यापार में विश्वास रखते हैं, ईमानदार व्यापारिक तरीकों को मानते हैं और जहां हमें व्यापार और निवेश करने के लिए समान अवसर मिलते हैं। सब कुछ आपसी भरोसे, आपसी लाभ और लेन-देन की भावना पर आधारित होगा। इसलिए मुझे नहीं लगता कि इससे कोई बड़ा संकट पैदा होगा, सिवाय थोड़े समय की अस्थिरता के। मेरा मानना है कि दुनिया में जो बदलाव आ रहे हैं, वे वास्तव में पूरी दुनिया के लिए अच्छे हैं।

# मोबाइल फोन उत्पादन बढ़कर पांच लाख करोड़ के पार

## भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बना



**नई दिल्ली।** देश का मोबाइल फोन उत्पादन 2024-25 में बढ़कर 5.25 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जो 2023-24 में 4.22 लाख करोड़ रुपये था। इसके साथ ही, स्मार्टफोन भारत से निर्यात की जाने वाली सबसे बड़ी कमोडिटी बन गई है। सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के मुताबिक, देश से 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का स्मार्टफोन निर्यात हुआ है, जो सालाना आधार पर 55 फीसदी बढ़ा है। यह भारत के बढ़ते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की क्षमता को दिखाता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इससे क्षमता हासिल करने, वैश्विक निवेश पाने और और दुनिया के लिए एक बड़ा विनिर्माण हब बनने में मदद मिल रही है। इस योजना ने पर्याप्त वैश्विक निवेश आकर्षित किया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ने के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में देश की स्थिति मजबूत हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार गतिशीलता में हाल में हुए बदलावों, खासकर अमेरिका के जवाबी टैरिफ ने अमेरिकी बाजार में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए रणनीतिक अवसर खोले हैं। उधर, एक्सिस कैपिटल ने कहा, भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थिति मजबूत कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में मूल्य संवर्धन 30 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पहुंच गया है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश 14.4 फीसदी घटकर 11 महीने के निचले स्तर पर, व्यापार युद्ध का असर




**नई दिल्ली।** टैरिफ वार के बीच शेयर बाजारों में उथल-पुथल के कारण इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मासिक आधार पर 14.4 फीसदी घटकर मार्च, 2025 में 11 महीने के निचले स्तर 25,082.01 करोड़ रुपये पर आ गया। इससे पहले मार्च, 2024 में सबसे कम 22,633 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। गिरावट के बावजूद मार्च लगातार 49वां महीना है, जब इस श्रेणी में निवेश जारी है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, यह लगातार तीसरा महीना है, जब इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश में गिरावट आई है। दिसंबर, 2024 में निवेशकों ने इस श्रेणी में 41,156 करोड़ का निवेश किया था, जो जनवरी में घटकर 39,687 करोड़ और फरवरी में 29,303 करोड़ रुपये रह गया।

### एसआईपी चार माह में सबसे कम

सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर मार्च, 2025 में 25,926 करोड़ रह गया। यह नवंबर, 2024 के बाद चार महीने का निचला स्तर है। उस समय एसआईपी में 25,320 करोड़ निवेश आया था। फरवरी, 2025 में यह आंकड़ा 25,999 करोड़ रुपये रहा था।

### 15 लाख खाते बंद

मार्च में एसआईपी खातों की कुल संख्या फरवरी के 8.26 करोड़ से घटकर 8.11 करोड़ रह गई। इसका मतलब है कि बीते महीने करीब 15 लाख एसआईपी खाते बंद हुए। इस दौरान 40.18 लाख से अधिक नए एसआईपी खाते पंजीकृत भी हुए हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड में आए सर्वाधिक 5,615 करोड़

इक्विटी श्रेणियों में फ्लेक्सी कैप फंड में सर्वाधिक 5,615 करोड़ का निवेश आया। स्मॉलकैप फंड में 4,092 करोड़, मिडकैप में 3,439 करोड़ और मल्टीकैप में 2,753 करोड़ का निवेश। लार्ज-मिडकैप में 2,718 करोड़ का निवेश आया। फरवरी में सबसे ज्यादा 5,712 करोड़ का निवेश पाने वाले सेक्टोरल फंड में लोगों ने मार्च में सिर्फ 170 करोड़ रुपये लगाए।

# टैरिफ युद्ध के बीच अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल

## उतार-चढ़ाव से ऐतिहासिक रहा वॉल स्ट्रीट का यह सप्ताह



### अमेरिकी उपभोक्ता डरे, मंदी की आशंका बढ़ी

बाजार के विशेषज्ञ आशंका जता रहे हैं कि अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वार के चलते अमेरिका के बाहर के निवेशक अपने यूएस बॉन्ड बेच सकते हैं। हेज फंड और अन्य नुकसान को कवर करने के लिए वे ऐसा कर सकते हैं। इससे दुनिया के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले बाजार अमेरिकी बाजार की प्रतिष्ठा पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। शुक्रवार को यूरो से लेकर जापानी येन और कनाडाई डॉलर के मुकबाले यूएस डॉलर की कीमतें गिर गईं। व्यापार युद्ध के चलते अमेरिकी उपभोक्ता संशकित हैं और इससे उनके खर्च प्रभावित हो सकते हैं। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

**नई दिल्ली।** टैरिफ युद्ध की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल आया। हालांकि अमेरिकी डॉलर के गिरते मूल्य और वित्तीय बाजार के उतार-चढ़ाव ने संकेत दिया है कि अमेरिका और चीन के बीच संभावित टैरिफ वार से बाजार में डर का माहौल है। एसएंडपी 500 में 1.8 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। वहीं डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 340 अंकों की गिरावट से शुरू होकर 810 अंकों की बढ़त तक पहुंचा और फिर 619 अंकों या 1.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर बंद हुआ।

### शुक्रवार को क्या रही अमेरिकी बाजार की स्थिति

वहीं नैस्डैक कंपोजिट में 2.1 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया। कुल मिलाकर शुक्रवार को एसएंडपी 500, 95.31 अंक बढ़कर 5,363.36 पर पहुंच गया। डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 619.05 चढ़कर 40,212.71 पर पहुंच गया, और नैस्डैक कंपोजिट 337.14 चढ़कर 16,724.46 पर पहुंच गया।

माना जा रहा है कि शेयरों में उछाल की वजह अमेरिकी बॉन्ड बाजार से थोड़ा दबाव कम होना है। 10 साल के ट्रेजरी पर प्रतिफल सुबह 4.58 प्रतिशत से ऊपर चला गया, जो एक सप्ताह पहले 4.01 प्रतिशत था। हालांकि दोपहर तक यह 4.48 प्रतिशत पर वापस आ गया। इस तरह के उछाल से अमेरिका में घरों और व्यवसायों को दिए जाने वाले मॉर्गेज और अन्य कर्जों की दरें बढ़ सकती हैं। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट



- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।

## राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**मिथुन :** बुद्धि का प्रयोग करें। चिंता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** धनहानि हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट हो सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद से क्लेश हो सकता है।

**सिंह :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं।

**कन्या :** शत्रु परस्त होंगे। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे।

**तुला :** परिवार के एकाधिक सदस्यों की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृश्चिक :** पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं, संभालकर रखें। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु :** किसी अनहोनी के होने की चिंता रहेगी। स्वास्?थ्य पर खर्च हो सकता है। पुराने किए गए प्रयासों का फल अब मिल सकता है।

**मकर :** घर में वृ?द्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। ने?त्र पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** राज्य की तरफ से दिक्कत हो सकती है। विवाद करने व जल्दबाजी से बचें। नेत्र पीड़ा हो सकती है। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

## चुटकुले

सावधान- फेसबुक और व्हाट्सएप' का साईड इफेक्ट सामने आ रहे हैं...
कल एक आदमी
अखबार में छपे फोटो को भी
ऊंगलियो से जूम कर रहा था...

लड़का- तुम लड़किया लव मैरिज क्यों करती हो..?
लड़की- अनजान नमूना मिलने से अच्छा है, जाना पहचाना कमीना मिल जाये..!
लड़की- तुम लड़के लव मैरिज क्यों करते हो..?
लड़का- एनाकोंडा मिलने से अच्छा है की पहले से पाली हुई नागिन मिले..!

तूफानी बारिश में आधी रात को एक आदमी पिज्जा लेने गया।
पिज्जावाला- आप शादीशुदा हो?
आदमी गुस्से में बोला- ऐसे तूफान में कौन मां अपने बेटे को पिज्जा लेने भेजेगी?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# पाकिस्तान सुपर लीग की फिर हुई किरकिरी, टीम होटल में लगी आग, खिलाड़ियों और स्टाफ को किया गया रेस्क्यू

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2025 का शुक्रवार को आगाज हो गया है। हालांकि, यह टूर्नामेंट आगाज होते ही चर्चा में आ गया है। दरअसल, टूर्नामेंट के आगाज से पहले इस्लामाबाद के एक होटल में आ लग गई। इस होटल में पीएसएल की एक टीम के खिलाड़ी और स्टाफ रुके हुए थे। । वहां के प्रशासन ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आग इस्लामाबाद के सेरेना होटल की सबसे ऊपरी मंजिल यानी छठी मंजिल पर लगी।



## फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

हालांकि, फायर ब्रिगेड ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया। पीएसएल क्रिकेटरों और अधिकारियों को रेस्क्यू कर लिया गया और कोई भी गेस्ट और स्टाफ आग के कारण घायल नहीं हुआ। उन्हें सफलतापूर्वक वहां से निकाल लिया गया। किसी भी खिलाड़ी या फ्रेंचाइजी को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। समय रहते आग बुझा दी गई।

पीएसएल के सीईओ सलमान नसीर ने समा टीवी से कहा, 'यह होटल के अंदरूनी हिस्सों में नहीं फैला था।' उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की टीमों ने आग पर तुरंत काबू पाने के लिए समय रहते काम शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा, 'आग बुझाने के अभियान में दमकल की छह गाड़ियां और 50 दमकलकर्मी वहां मौजूद थे।' सीडीए के आपात निदेशक जफर इकबाल ने बताया कि आग पर आधे घंटे के भीतर काबू पा लिया गया।

## पीएसएल के समय में बदलाव

पीएसएल 2025 के पहले मैच में इस्लामाबाद यूनाइटेड का सामना रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में लाहौर कलंदर्स से हुआ। पाकिस्तान सुपर लीग प्रबंधन ने आईपीएल के साथ समय के सीधे टकराव की वजह से अपने मैचों को शुरू करने का समय एक घंटे की देरी से कर दिया। पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने एक पॉडकास्ट में कहा कि पीएसएल मैच आईपीएल मैचों के शुरू होने के एक घंटे बाद रात आठ बजे से शुरू होंगे।

# शानदार फॉर्म में चल रहे मिचेल मार्श गुजरात के खिलाफ अनुपलब्ध, मैच से रहे बाहर

**लखनऊ ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के सलामी बल्लेबाजी मिचेल मार्श आईपीएल 2025 में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं, लेकिन वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले जा रहे मैच में नहीं खेल रहे हैं। लखनऊ और अंक तालिका में शीर्ष पर चल रही गुजरात के बीच अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।



## दोनों टीमों ने किया एक-एक बदलाव

लखनऊ ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है और मिचेल मार्श की जगह हिम्मत सिंह को मौका दिया है। मार्श की बेटी बीमार हैं जिस कारण वह इस मैच के लिए अनुपलब्ध हैं। गुजरात ने भी कुलवंत खजरोलिया की जगह वाशिंगटन संदर को मौका दिया है। पंत ने टॉस के दौरान बताया, मार्श की बेटी बीमार हैं और वह उनका ध्यान रख रहे हैं।

## चार बार 50+ स्कोर कर चुके हैं मार्श

मार्श अब तक इस सीजन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पांच पारियों में 53 के औसत और 180.3 के स्ट्राइक रेट से 265 रन बनाए हैं। मार्श इस सीजन चार बार 50+ स्कोर बना चुके हैं और लखनऊ के लिए लगातार अच्छा खेल रहे हैं। मार्श की जगह लखनऊ टीम में आए हिम्मत सिंह ने इस मैच से आईपीएल में डेब्यू किया है।

2025: लखनऊ के खिलाफ मैच से पहले गुजरात टाइटंस को लगा झटका, यह कीवी ऑलराउंडर टूर्नामेंट से हुआ।

# वनडे में दो गेंद के इस्तेमाल के नियम पर हो सकता है बदलाव, आईसीसी क्रिकेट समिति ने की है सिफारिश

**दुबई ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) वनडे क्रिकेट में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाजों के दबदबे को देखते हुए क्रिकेट की वैश्विक संस्था दो गेंद के इस्तेमाल के नियम पर बदलाव कर सकती है। दरअसल, आईसीसी क्रिकेट समिति ने वनडे में एक गेंद के इस्तेमाल की सिफारिश की है। इस समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली हैं।



## बल्लेबाजों को मिलता है फायदा

वनडे में लंबे समय से दो नई गेंद का नियम लागू है। इस सिफारिश को आईसीसी के निदेशक बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए जिसके बाद ही इसे संशोधित खेल शर्तों में शामिल किया जाएगा। आईसीसी बोर्ड रविवार को जिम्बाब्वे के हरारे में इस मुद्दे पर चर्चा करेगा। अभी वनडे में दो नई सफेद कूकाबुरा गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाजों द्वारा प्रत्येक छोर से अलग-अलग नई गेंदों का इस्तेमाल करने के कारण गेंद सख्त बनी रहती है जिससे बल्लेबाजों को खुलकर रन बनाने का फायदा मिलता है।

आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, आईसीसी क्रिकेट समिति ने तीन नियमों में बदलाव की सिफारिश की है। वनडे क्रिकेट में एक सफेद गेंद का उपयोग, टेस्ट मैच में ओवर रेट की जांच के लिए क्लॉक टाइमर का उपयोग और अंडर 19 पुरुष विश्व कप को 50 ओवर से टी20 में बदलना।

## डब्ल्यूटीसी चक्र की अंक प्रणाली में बदलाव की तैयारी कर रहा आईसीसी, इन महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा संभव

## टीमों को दिया जाएगा विकल्प

ऐसी संभावना है कि 25वें ओवर तक दो गेंद का उपयोग किया जा सकता है और उसके बाद गेंदबाजी करने वाली टीम को मैच पूरा करने के लिए दो गेंद में से एक को रखने का विकल्प दिया जाएगा। टाइमर क्लॉक के मामले में ओवरों के बीच 60 सेकेंड का समय देने और एक दिन में 90 ओवर पूरे करने के लिए समय सीमा तय करने की सिफारिश की गई है।

# इस सवाल पर भड़के बाबर आजम, कहा- यहां ढिंढोरा नहीं पीटूंगा

**कराची ।** पाकिस्तान सुपर लीग 2025 की भी शुरूआत हो चुकी है। इस लीग के आगाज से पहले लीग के सभी छह कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई और उसमें पाकिस्तान टीम के



पूर्व कप्तान बाबर आजम से पत्रकार ने एक ऐसा सवाल पूछा जिससे वह भड़क गए। पत्रकार ने उनसे पाकिस्तान टीम को लेकर सामने आ रही बातों को सामने रखा। इस पर बाबर ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें जो कहना होगा वह बंद कमरे में कहेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर उस चीज को लेकर ढिंढोरा नहीं पीटेंगे। पाकिस्तान टीम का खराब प्रदर्शन दरअसल पिछले कुछ समय से पाकिस्तान टीम का आईसीसी टूर्नामेंट्स में प्रदर्शन खराब रहा है।

# शिक्षा पूरी नहीं कर पाने का अफसोस, अंग्रेजी नहीं बोल पाने को लेकर ट्रोल करने वालों को रिजवान का जवाब

**कराची ।** पाकिस्तान की वनडे टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान को अक्सर अपनी अंग्रेजी बोलने के लिए आलोचना और ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ता है। हालांकि, अब उन्होंने आलोचकों को करारा जवाब दिया है। रिजवान ने स्वीकार किया कि वह अंग्रेजी भाषा बोलने में अपनी अक्षमता से शर्मिंदा नहीं है। उन्होंने कहा कि एकमात्र चीज जिस पर वह ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, वह है क्रिकेट। रिजवान अंग्रेजी ठीक से नहीं बोल पाते हैं। इसी वजह से उनके पोस्ट और प्री-पोस्ट मैच इंटरैक्शन के कई क्लिप और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। कई मौकों पर ट्रोल्स ने उनका मजाक उड़ाया है।



## 'शिक्षा पूरी नहीं कर पाने का अफसोस'

हालांकि, अब मुल्तान सुल्तांस के कप्तान ने आलोचकों को संबोधित किया और उन्हें इसको लेकर मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जियो न्यूज से कहा, 'मुझे अपनी शिक्षा पूरी नहीं कर पाने का अफसोस है। यही वजह है कि मुझे अंग्रेजी नहीं आती है, लेकिन मुझे इस बात की शर्म नहीं है कि पाकिस्तान का कप्तान होने के नाते मैं अंग्रेजी नहीं बोल सकता। मेरी मांग क्रिकेट खेलने की है, अंग्रेजी बोलने की नहीं। अगर पाकिस्तान अंग्रेजी चाहता तो मैं प्रोफेसर बनता, पढ़ता और लौटता। लेकिन पाकिस्तान मुझसे क्रिकेट मांगता है।

# लखनऊ के खिलाफ मैच से पहले गुजरात टाइटंस को लगा झटका, यह कीवी ऑलराउंडर टूर्नामेंट से हुआ बाहर

गुजरात टाइटंस को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच से पहले उस वक्त झटका लगा जब उसके ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ग्रोइन चोट के कारण आईपीएल 2025 के शेष सीजन से बाहर हो गए। यह दूसरा मौका है जब गुजरात का कोई विदेशी खिलाड़ी बाहर हुआ है। इससे पहले कैगिसो रबाडा निजी कारणों का हवाला देकर घर लौट गए थे। अब फिलिप्स का इस तरह चोट के कारण बाहर होना टीम के लिए झटके से कम नहीं है।



## फील्डिंग के दौरान लगी थी चोट

फिलिप्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान फील्डिंग करते वक्त चोट लगी थी। 28 वर्षीय फिलिप्स उस मैच में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर उतरे थे। वह बाउंड्री रोकने के चक्कर में चोटिल हो गए थे। गुजरात टाइटंस ने बयान जारी कर फिलिप्स को लगी चोट की पुष्टि की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गुजरात ने बयान में कहा, गुजरात टाइटंस फिलिप्स के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता है।

## प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना पा रहे थे फिलिप्स

फिलिप्स ने चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान खूब सुर्खियां बटोरी थी और शानदार फील्डिंग करके सभी को प्रभावित किया था। हालांकि, फिलिप्स आईपीएल 2025 में गुजरात की प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना पा रहे थे और उनका इस सीजन में सफर निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ। गुजरात के पास शीर्ष क्रम में साई सुदर्शन, कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी जोस बटलर जैसे बल्लेबाज हैं, लेकिन फिलिप्स के होने से गुजरात का बेंच स्ट्रेंग्थ मजबूत था।

# पंजाब ने जीता टॉस, हैदराबाद के खिलाफ पहले चुनी बल्लेबाजी, दोनों की प्लेइंग 11

**हैदराबाद ।** पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया कि हैदराबाद के खिलाफ मैच के लिए उन्होंने प्लेइंग 11 में कोई बदलाव नहीं किया है।

इसके विपरीत पंजाब किंग्स ने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह भारतीय बल्लेबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। उसको प्रियांश आर्या के रूप में विस्फोटक सलामी बल्लेबाज मिला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़ा था। पंजाब के गेंदबाजी विभाग में अर्शदीप सिंह, लॉकी फर्ग्यूसन, युजवेंद्र चहल और मार्को यानसन ने अच्छा प्रदर्शन किया है।



सनराइजर्स के लिए बल्लेबाजी नहीं गेंदबाजी भी चिंता का विषय है। उसके गेंदबाजों ने अभी तक काफी रन लुटाए हैं। कप्तान पैट कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्शल पटेल जैसे गेंदबाज अभी तक प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। उसके स्पिन गेंदबाजों को बीच के ओवरों में संघर्ष करना पड़ रहा है।

सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि उनकी टीम अपने आक्रामक अंदाज को नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा- मेरा मानना है कि हम जानते हैं कि हमने अपनी इस शैली के दम पर जीत हासिल की हैं लेकिन हमें परिस्थितियों का सम्मान करना होगा। हमें परिस्थितियों का अच्छी तरह से आकलन करना होगा जैसा कि हम अभी तक नहीं कर पाए हैं

हेड के प्रदर्शन में आश्चर्यजनक रूप से गिरावट आई है। वह अभी तक पांच पारियों में 67, 47, 22, 04 और 08 रन ही बना पाए हैं।

# निकोलस पूरन ने 23 गेंदों पर लगाया अर्धशतक, लखनऊ का स्कोर 130 के पार

**लखनऊ।** लखनऊ के लिए निकोलस पूरन ने अर्धशतक लगा दिया है। उन्होंने गुजरात के खिलाफ 23 गेंदों पर पचासा पूरा किया।

प्रसिद्ध कृष्णा ने एडेन मार्करम को आउट कर लखनऊ को दूसरी सफलता दिलाई है। मार्करम शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और अर्धशतक जड़ चुके थे, लेकिन बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। मार्करम 31 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाकर आउट हुए। लखनऊ ने अब आयुष बडोनी को इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतारा है जो दिग्वेश राठी की जगह आए हैं।

लखनऊ के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने गुजरात के खिलाफ अर्धशतक जड़ दिया है। मार्करम ने 26 गेंदों पर पचासा पूरा किया। मार्करम के अलावा निकोलस पूरन भी आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं



**पूरन इस मैच में आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं जिससे लखनऊ का स्कोर 13 ओवर बाद दो विकेट पर 140 रन हो गया है। लखनऊ को अब 42 गेंदों पर 41 रन की जरूरत है**

जिसकी मदद से लखनऊ का स्कोर 10 ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट पर 114 रन हो गया है। लखनऊ को अब 60 गेंदों पर 67 रनों की जरूरत है।

गुजरात के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्करम और पूरन के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही है। लखनऊ ने नौ ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट पर 90 रन बना लिए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा ने कप्तान ऋषभ पंत को आउट कर लखनऊ को पहला झटका दिया है। पंत और मार्करम के बीच अच्छी साझेदारी चल रही थी और दोनों ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े थे। पावरप्ले खत्म होने के बाद गुजरात पहली सफलता हासिल करने में सफल रहा। पंत 18 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए।

# 2022 से चार बार 100+ रनों की साझेदारी कर चुके हैं सुदर्शन-गिल, विरोधी टीमों पर पड़ रहे हैं भारी

**लखनऊ ।** शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी गुजरात टाइटंस को लगातार बड़ी शुरूआत दिला रही है और ऐसा ही कुछ लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ भी देखने मिला। लखनऊ ने टॉस जीतकर गुजरात को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया, लेकिन गिल और सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई।



लखनऊ ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है और मिचेल मार्श की जगह हिम्मत सिंह को मौका दिया है। मार्श की बेटी बीमार हैं जिस कारण वह इस मैच के लिए अनुपलब्ध हैं। गुजरात ने भी कुलवंत खजरोलिया की जगह वाशिंगटन संदर को मौका दिया है। पंत ने टॉस के दौरान बताया, मार्श की बेटी बीमार हैं और वह उनका ध्यान रख रहे हैं। गिल और सुदर्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने शुरूआत से आक्रामक रुख अपनाया जिससे गुजरात ने पावरप्ले में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। गिल ने इस दौरान 31 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद साई सुदर्शन भी पचासा जड़ने में सफल रहे। आवेश खान ने एडेन मार्करम के हाथों कैच कराकर शुभमन गिल की पारी का अंत किया और लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। गिल ने शॉट अच्छा खेला था, लेकिन बाउंड्री पर मार्करम ने उनका कैच पकड़ा। गिल ने 38 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 60 रन बनाए।

गिल और सुदर्शन 2022 से आईपीएल में चौथी बार 100+ रनों की साझेदारी कर चुके हैं। उन्होंने इस मामले में फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली तथा डुप्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी कर ली है। सुदर्शन और गिल के अलावा 2022 से डुप्लेसिस-कोहली और डुप्लेसिस-मैक्सवेल ने भी चार बार 100+ रनों की साझेदारी की है।

# राजनगर एक्सटेंशन में आज होगी गाजियाबाद मैराथन रन फॉर अखंड भारत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, 'गाज़ियाबाद मैराथन 2025' का आयोजन आज बड़े ही उत्साह के साथ होने जा रहा है। यह आयोजन अखंड भारत मिशन के तत्वावधान में प्रतिवर्ष संपन्न होता है और आज यह गाज़ियाबाद के सबसे प्रतिष्ठित एवं जनप्रिय आयोजनों में से एक बन चुका है। यह मैराथन 'रन फॉर अखंड भारत' के संकल्प के साथ स्वास्थ्य, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश लेकर शहरवासियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर अनेक सम्माननीय एवं समाजसेवी व्यक्तित्व उपस्थित रहेंगे, जिनमें प्रमुख हैः डॉ. अनिल अग्रवाल (संरक्षक एवं अध्यक्ष, गाज़ियाबाद मैराथन 2025), सुनील कौशल महाराज, प्रवीण गुप्ता (निदेशक, सेंट्रल एवेन्यू मॉल), अश्विनी शर्मा (संस्थापक, अखंड भारत मिशन), राहुल गोयल (सदस्य, भारतीय खाद्य निगम), उमेश (प्रांत प्रचारक, क्रीड़ा भारती), निकिल त्यागी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), दीपक शर्मा, सीमा गोयल, सुनील शर्मा,



शुभम गर्ग, मृदुल महेश, आनंद द्विवेदी, दीपा सिरोही, संजय आनंद, ऋतु गुप्ता, नीलम शर्मा, अभिषेक पांडेय, सुजीत झा, प्रवीण त्यागी, निपुण त्यागी, अरविंद शर्मा तथा अन्य अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि। इस आयोजन में 4000+ धावकों की भागीदारी के साथ यह मैराथन एक स्वास्थ्य जागरूकता और राष्ट्रीय एकता का सशक्त मंच बनकर उभरेगी।

## मुकुट मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट ने हनुमान जयंती पर किया भंडारा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में मुकुट मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अंजनीपुत्र, संकटमोचन केसरीनंदन पवनसुत हनुमान जी के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन प्रशांत गुप्ता, महासचिव सुनील अग्रवाल के द्वारा कढ़ी चावल, गुल दाना, खीर, पूरी आदि का भंडारा श्रद्धालुओं को वितरित किया। इस अवसर पर अक्षत अग्रवाल, ओजस अग्रवाल, मुक्ति अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, प्रद्युम्न महेश्वरी, बदरुद्दीन इत्यादि भी उपस्थित रहे।

प्रसाद प्राप्त करने के उपरांत पर्यावरण संरक्षण हेतु ट्रस्ट के सदस्यों ने सफाई व्यवस्था में योगदान देते हुए, डस्टबीन में कूड़ा संग्रह किया और भारत के प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का पुनः समर्थन किया।

# 200 करोड़ की फर्जी एफडी मामले में गिरफ्तारी

## 25 हजार का रखा गया था इनाम, 3.90 करोड़ किए गए ट्रांसफर पहले भी हो चुकी हैं 9 गिरफ्तारियां

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा प्राधिकरण की 3.90 करोड़ की एफडी ट्रांसफर मामले में क्राइम ब्रांच और थाना सेक्टर-58 पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान वरुण कुमार त्यागी हुई है। पुलिस ने इस पर 25 हजार का इनाम रखा था। आरोपी बैंक में प्राधिकरण का कर्मी बनकर गया था। इसकी गिरफ्तारी राम नगर एक्सटेंशन थाना मानसरोवर पार्क से गिरफ्तार किया गया। वरूण कुमार त्यागी ने बताया कि वो इस फजीर्वाड़े में शामिल था। त्यागी ने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर नोएडा विकास प्राधिकरण की 200 करोड रुपए की फर्जी एफडी बनावाई। इसे नोएडा विकास प्राधिकरण को दी। साथ ही एफडी के खाते में जमा 200 करोड रुपए को 03 तीन खातों में करीब 3.90 करोड़ रुपए ट्रांसफर किया गया। जब 9 करोड रुपए ट्रांसफर कर रहे थे बैंक को शक हो गया। हमारे एक साथी अब्दुल को पुलिस ने पकड लिया। ये पैसा हमारे साथियों ने दिल्ली से हवाला के जरिए कैश में लिया।



### क्या है मामला

करंट क्राइम। प्राधिकरण ने बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर-62 को 200 करोड़ रुपए की एफडी करने को दी। इस संबंध 21 जून 2023 को बैंक ऑफ इंडिया में खाता खोलने के लिए एक पत्र बैंक भेजा गया। बैंक ने 23 जून को खाता खोला और जानकारी प्राधिकरण को दी। 26 जून 2023 को एचडीएफसी बैंक सेक्टर-18 और इंडियन बैंक सेक्टर-61 के खातों से 100-100 करोड़ यानी कुल 200 करोड़ रुपए बैंक ऑफ इंडिया में ट्रांसफर किए गए। और बैंक प्रबंधक से एफडी बनाने को कहा गया। बैंक ने 100-100 करोड़ की दो एफडी 26 जून 2023 को बना दी।

### जांच में फर्जी हस्ताक्षर किए गए पत्र मिले

करंट क्राइम। 3 जुलाई 2023 को बैंक ऑफ इंडिया शाखा सेक्टर-62 द्वारा दिये गये एफडी की पुष्टि करने के लिये प्राधिकरण का कर्मी बैंक शाखा गया। यहां पता चला कि बैंक द्वारा 200 करोड़ की कोई एफडी नहीं की गई। बल्कि उस खाते से 30 जून 2023 को 3.90 करोड़ किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। साथ ही 9 करोड़ रुपए और ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। शिकायत मिलते ही बैंक ने ट्रांसफर किए जाने वाले 9 करोड़ के ट्रांजैक्शन को फ्रीज कर दिया। पुलिस को शिकायत की गई। जांच में बहुत से फर्जी हस्ताक्षर किए गए पत्र मिले। साथ ही जो बैंक के द्वारा दी गई 100-100 करोड़ की एफडी भी फर्जी मिली। ये भी पता चला कि बैंक में प्राधिकरण द्वारा खोले गये खाते को अब्दुल खादर नामक व्यक्ति द्वारा संचालित किया गया। जांच में सामने आया कि प्राधिकरण द्वारा एफडी कराने के लिए भेजा गया पत्र बैंक ऑफ इंडिया मिला ही नहीं। क्योंकि इसे जालसाजी के लिए बदल दिया गया। इस पूरी साजिश का कर्ता धरता मन्नू भोला था। अब तक नौ लोगों की गिरफ्तारी इस मामले में अब तक अब्दुल खादर, राजेश पाण्डेय, सुधीर, मुरारी, राजेश बाबू, मन्नू भोला, त्रिदिब दास, राहुल मिश्रा उर्फ गौरव शर्मा, अजय कुमार पटेल की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है।

## पार्षद हिमांशु चौधरी ने यूपी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर घर-घर जाकर वितरण किए पत्रक





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद गांव वार्ड 40 के पार्षद हिमांशु चौधरी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के सफल 8 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर वार्ड में घर घर संपर्क एवं पत्रक वितरण हेतु गांव चलो वार्ड चलो अभियान चलाया है। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकताओं के साथ मिलकर '8 साल बेमिसाल' के पत्रक कई कॉलोनी में पार्षद की अगुआई में वितरित किए गए हैं। दौरान उन्होंने लोगों को सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया है। साथ ही बूथ समिति एवं वार्ड समिति के पदाधिकारियों से संवाद कर संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की और आने वाले चुनाव के लिए कार्ययोजना पर विचार-विमर्श भी किया है। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा, भाजपा सरकार के 8 साल प्रदेश के सर्वांगीण विकास और सुशासन की मिसाल हैं। हम हर घर तक विकास की गूंज पहुँचाना चाहते हैं। पार्टी कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं। वार्ड स्तर तक संगठन को सक्रिय करना हमारा लक्ष्य है। जिससे हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

## इंदिरापुरम के वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन के कार्यालय में चोरी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन के कार्यालय में अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए, जरूरी सामान चोरी कर लिया। चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। पार्षद प्रीति जैन का कहना है कि कार्यालय करीब 25 दिन 30 दिन से बहुत कम खुल रहा था। शनिवार को करीब 11:00 बजे इस परिसर के केयरटेकर एवं प्रतिष्ठान के मालिक द्वारा यह सूचित किया गया। कि हमारे ऑफिस का ताला तोड़ दिया गया, जिसमे एसी भी ले उड़े चोर। इस घटना की जानकारी पुलिस को दी है।

### तीन घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले 433 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए इस तीन घंटे के अभियान में 433 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह विशेष अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 171 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 52, विजयनगर से 36, सिहानी गेट से 24, नंदग्राम से 21, कवि नगर से 17 और मधुबन बापूधाम से 21 लोग शामिल हैं।

### अंकुर विहार इलाके से नाबालिग लड़की का अपहरण, पुलिस जांच में जुटी

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी के थाना अंकुर विहार इलाके की एक कॉलोनी में नाबालिग लड़की को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। लड़की के पिता ने बताया कि वह घर के अन्दर था। इसी दौरान स्कूटी से युवक आया उस समय बच्ची बाहर गली में थी कुछ देर बाद देखा तो लड़की नहीं थी। काफी ढूंढने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया पर उस युवंक का नाम पता मिल गया। नाबालिग बच्ची के पिता ने अंकुर विहार थाने में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

# गांव चलो - वार्ड चलो अभियान के निमित्त

## महानगर महामंत्री राजेश त्यागी ने बूथ अध्यक्षों एवं समिति के साथ किया संवाद स्थापित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गांव चलो - वार्ड चलो अभियान के निमित्त शनिवार को मुरादनगर विधानसभा के सरना गांव में बूथ नंबर 66 एवं 67 पर महानगर महामंत्री राजेश त्यागी द्वारा बूथ अध्यक्षों एवं समिति के साथ संवाद स्थापित किया गया। उसके उपरांत घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। गांव में ही रह रहे केंद्र सरकार के लाभार्थी राजकुमार त्यागी, राजीव शर्मा, गुलाबो देवी, आशा शर्मा को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं किसान सम्मान निधि का लाभ मिला है। महानगर महामंत्री राजेश त्यागीने उन सभी से संपर्क किया। गांव के मंदिर की स्वच्छता करने के उपरांत गांव के एक तालाब पर चल रहे विकास कार्य जिसमें तालाब की तारबंदी और सफाई का कार्य चल रहा था उसका भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं महानगर महामंत्री राजेश त्यागी जी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार को ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया कि चाहे वह सुरक्षा हो, बिजली हो या किसान सम्मान निधि हो सभी योजनाओं द्वारा ग्रामीण एवं किसानों का लाभ हो रहा है एवं भारतवर्ष विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद किया। प्रवास के दौरान मुरादनगर देहात मंडल के अध्यक्ष विपिन चौधरी, सरना गांव के पूर्व प्रधान नीरज त्यागी, बूथ अध्यक्ष संदीप एवं शर्माजी साथ रहे।

## भगवान शिव गुरुओं के परम गुरु हैं : अरविंद भाई ओझा



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** कथाव्यास अरविंद भाई ओझा ने कहा कि भगवान शिव गुरुओं के परम गुरु हैं, इसलिए शिव के अवतारी हनुमानजी गुरु की भूमिका में जन्म लेकर मनुष्यों की बुराइयों को सुधारते हैं।

पूर्व सैनिक संघ व वरिष्ठ नागारिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में छतरी वाला शिव मंदिर में आयोजित हनुमत कथा सुनाते हुये कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा कि हनुमान जी संसार में जन्म लेकर राम जी के द्वार पर बैठकर मनुष्यों की बुराइयों को सुधारते हैं और भगवान श्री राम का जन्म लेकर संसार के मनुष्यों को भवसागर से तारने का काम करते है, इसलिए हनुमान जी सुधारते है और श्री राम तारते हैं। कथा के दौरान धार्मिक भजनों पर श्रद्धालुगण जमकर थिरके। कथा में मुख्य यजमान महेश तायल, रामेश्वर दयाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख विपिन चैधरी, डॉ0 पवन सिंघल, आरसी शर्मा, मोहित सिंघल, राघवेंद्र गुप्ता, मुकेश सिंघल, हरिकिशन दास, एसके ग्रोवर, योगेश मित्तल, बृजपाल सिंह लेखराज शर्मा, अमित गोयल मेरठ, दिनेश शर्मा मुरादनगर हिमांशु गोयल, अनिल वशिष्ठ, प्रदीप कंसल आदि उपस्थित रहे।




## थाने और कार्यालय रहेंगे कूल-कूल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम बने जैसे-जैसे समय बीत रहा है। वैसे-वैसे सिस्टम अपडेट और मॉडन हो रहा है। बीते कुछ महापूर्व पुलिस मुख्यालय को महत्वपूर्ण सामान और गर्मी से बचाव के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे अन्य सामान का लैटर भेजा गया था। जिसका मैटर क्लोज हो गया और नया सामान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आ गया है। इसका फायदा यह होगा कि पुलिस कमिश्नरेट के थाने, चौकी, कार्यालय और लाइन से लेकर अधिकारियों के कार्यालय पहले से ज्यादा कूल नजर आएंगे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि अधिकांश अधिकारियों के लिए नए ऐसी, तो बड़े कूलर थानों के लिए, अधिकारियों के कमरे में रखने के लिए फ्रिज, वाटर कूलर और मेज-कुर्सी व अन्य सामान आया है। इसके साथ ही इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर को लैपटॉप, टैबलेट और कंप्यूटर मिलेंगे। तो वहीं सरकारी सिम चलाने के लिए मोबाइल भी प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम शुरू हो चुका है। अधिकारियों को सामान वितृरित किया जा चुका है। तो कई थानों और अन्य कार्यालयों में समान धीरे-धीरे पहुंच रहा है। सूत्र कह रहे हैं कि इस बार की गर्मियों में थानों और कार्यालयों में सीन कूल कूल रहेगा। जिससे माहौल काम करने के अनुकूल बनेगा और व्यवस्था बेहतर होंगी। उधर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जितने भी गजेटेड अधिकारी हैं, सभी को टैबलेट और आधुनिक मोबाइल दिए जाएंगे, जिससे वह अपने सरकारी नंबरों का इस्तेमाल कर सकें। इसके साथ ही उनके कार्यालयों के लिए भी तमाम सामान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए भारी भरकम बजट आया था, जो अब इन सामान पर खर्च हो रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में धीरे-धीरे व्यवस्थाएं बन रही हैं और व्यवस्था बेहतर होगी तो उसका फायदा पुलिस और जनता दोनों को मिलेगा। अब थानों, चौकियों में सामान पहुंचाने का सिलसिला शुरू हो गया है। तो कई अधिकारियों के ऑफिस और उनके रूम का भी नजारा बदलने वाला है। जहां वह जनता से मुलाकात करते थे। वहीं कई थानों में बड़े कूलर लगाए जा रहे हैं ताकि फरियादियों से लेकर थानाकर्मियों को भीषण गर्मी से राहत मिले। उधर मौसम विभाग लगातार उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पिछले कई सालों के गर्मी वाले रिकॉर्ड टूटने का अनुमान लगा रहे हैं। जिसको देखकर अधिकारियों ने और तेज कूल कूल कार्यालय और थानों को बनाने का प्रोग्राम तेज कर दिया है।




# फेसबुक की आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट

## पिता-पुत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक का शादी का रिश्ता हरिद्वार से तय हुआ था, लेकिन बाद में सहमति से रिश्ता समाप्त हो गया। आरोप है कि युवती व उसके पिता की ओर से फेसबुक की आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई, विरोध जताने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिसे लेकर युवक के भाई की ओर से पिता पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

शिवपुरी निवासी दीप शिखर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके छोटे भाई प्रियंम का रिश्ता वर्ष 2024 में हरिद्वार के आशीर्वाद विला की रहने वाली एक युवती से हुआ था। शादी की रस्मों की तिथि निर्धारित कर दी गयी। इस बीच शादी की रस्में पूरी होने से पहले ही दोनों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच शादी ना किये जाने को लेकर सहमति तक बन गयी। आरोप है कि युवती के पिता ने पहले होली पर्व पर 2025 में फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा को घात लगा। जब युवक ने अपनी आईडी पर युवती के पिता को ब्लाक कर दिया, फिर उसकी बेटी ने इंस्टाग्राम आईडी पर अपमानजनक टिप्पणी कर डाली और दहेज के झूठे केस में फंसाने की धमकी तक दे डाली। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि इस सबंध में युवती गिरिश्मा चौहान व उसके पिता नरेश चौहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है जांच करायी जा रही है।

# प्रधानाचार्य बनने पर प्रेरणा वर्मा का हुआ स्वागत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर के पदाधिकारियों ने केएन मोदी ग्रुप के प्रेटी पेंगुइंस स्कूल हापुड़ रोड़ की प्रधानाचार्य बनने पर प्रेरणा वर्मा का उनके कार्यालय पंहुचकर जोरदार स्वागत किया। स्वर्णकार समाज के संरक्षक परमात्मा शरण वर्मा व अध्यक्ष माहित सोनी ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज के अग्रणी, होनहार, शिक्षित व मेधावी युवा युवतियों के उत्साहवर्धन के लिये इस तरह के प्रयास हमेशा किये जाते रहेंगे। ताकि मेधावियों का उत्सावर्धन तो हो ही साथ ही उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता रहें। इस दौरान मोंटी वर्मा, अजय सोनी व अनेक स्वर्णकार समाज से जुड़े बंधुवर मौजूद रहे।

## एसडीएम कोर्ट से न्यायिक पत्रावली चोरी तीन के विरुद्ध पेशकार ने दर्ज कराई रिपोर्ट




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील परिसर में एसडीएम कोर्ट में वादों की सुनवाई के दौरान न्यायालय से पत्रावली चुराने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद कोर्ट में हड़कंप मच गया। चोरी पत्रावली की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। जिसे लेकर एसडीएम के पेशकार की ओर से तीन लोगों के खिलाफ सरकारी अभिलेखों को चोरी कर ले जाने का मामला दर्ज हो गया है। पुलिस जांच में जुट गई है। न्यायालय में पत्रावली और सरकारी अभिलेखों की चोरी को लेकर पुलिस ने एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता के पेशकार संदीप कुमार की ओर से दी तहरीर पर पुलिस ने गांव जलालपुर ढिंढार निवासी जगेंद्रपाल, सरदार व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# पार्षद शिल्पा चौधरी ने 'गांव चलो वार्ड चलो' अभियान चलाया





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी के दिशानिर्देश पर वार्ड 61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने वसुंधरा सेक्टर 6 में 'गाँव चलो - वार्ड चलो' अभियान के तहत अभियान चलाया जिससे कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही बूथ अध्यक्षों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंदिर में सफाई कर चौपाल बैठक की और पार्टी की योजनाओं के बारे में सभी को बताया, उसके बाद जनसंपर्क कर पत्रक वितरण किया एवं लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षद शिल्पा चौधरी, प्रवासी मंजू त्यागी, प्रवासी रेखा त्यागी, रीता सिंह, कल्पना, स्नेहलता, आशीष चौधरी महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, निशा यादव, सुमन चौधरीआदि लोग उपस्थित रहे।

## वसुंधरा सेक्टर-16 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुरेंद्र भारद्वाज ने नवनियुक्त महासचिव उपाध्यक्ष को शपथ दिलाई

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-16 की आरडब्ल्यूए की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को आरडब्लूए कार्यालय में संपन्न हुई। इस अवसर पर कार्यकारिणी में नये पदाधिकारियों की नियुक्ति व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुरेंद्र भारद्वाज ने नीलम सिन्हा को उपाध्यक्ष, प्रमोद कौशिक को महासचिव तथा संजय बिष्ट और वरुण ध्यानी को कार्यकारिणी सदस्य पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर सभी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमें कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने हाल ही में आयोजित होली कार्यक्रम की समीक्षा प्रस्तुत की। इसके उपरांत अध्यक्ष सुरेंद्र भारद्वाज ने जानकारी दी कि नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की सूचना विधिवत रूप से निबंधक कार्यालय, मेरठ जोन को भेज दी गई है। बैठक में सेक्टर-16 से संबंधित जनसुविधाओं और समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ तथा उनके त्वरित समाधान के लिए सुझाव रखे गए। बैठक में अध्यक्ष सुरेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष नीलम सिन्हा, महासचिव प्रमोद कौशिक, संरक्षक अमित किशोर, जनसंपर्क अधिकारी राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, आडिटर अशोक सोलंकी, सांस्कृतिक सचिव संध्या सक्सेना, रितु शर्मा, संतोष यादव, संजय बिष्ट, इंद्रजीत पोद्दार, सुनील कुमार और वरुण ध्यानी आदि लोग उपस्थित रहे।



## स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के निर्देशानुसार व युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में गाजियाबाद आगमन पर बेंगलुरु से सांसद व युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य का यूपी गेट पर भव्य स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक पुष्पेंद्र गुप्ता महानगर कोषाध्यक्ष, क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण भड़ाना, काजल त्यागी, पंकज कुमार, वाल्मीकि मंडल अध्यक्ष अनुज कसाना, योगेश भाटी, संदीप चौधरी, राम त्यागी, लावण्या त्यागी, आशीष चौधरी, देव शर्मा, राकेश पाल व युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'गैर-जिम्मेदाराना बयान वापस लें', गाजा मसले को लेकर कनाडाई पीएम के बयान पर भड़के नेतन्याहू

**यरुशलम।** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के द्वारा गाजा को लेकर की गई टिप्पणी मामले में इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी नाराजगी व्यक्त की है। नेतन्याहू ने कार्नी से बयान वापस लेने और इस प्रकार के बयानबाजी के लिए माफी की मांग की है।

गाजा में संघर्ष का रूप दिन-प्रतिदिन और भयावह होता हुआ जा रहा है, जिसको लेकर पूरी दुनिया में चर्चा तेज है। इसी बीच इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के हाल ही में गाजा को लेकर दिए गए बयान से नाराजगी जताई है। साथ ही उनसे अपने बयान के लिए माफी मांगने की मांग की है। बता दें कि चुनावी रैली के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री के संबोधित कर रहे थे, जिस दौरान भीड़ में खड़े एक व्यक्ति ने इस्राइल पर आरोप लगाया कि 'इस्राइल में नरसंहार हो रहा है'। मामला गाजा में चल रहे संघर्ष का है और यह घटना तब हुई जह एक चुनावी रैली के दौरान भीड़ में मौजूद एक प्रदर्शनकारी ने






चिल्लाकर कहा कि कार्नी फलस्तीन में नरसंहार हो रहा है...इसके जवाब में पीएम कार्नी ने कहा कि धन्यवाद मुझे पता है....।इसके साथ ही कार्नी ने ये भी कहा कि यही कारण है कि हमारे पास हथियार प्रतिबंध है।

### कार्नी के जवाब पर भड़के नेतन्याहू

कनाडा के पीएम के इस जवाब पर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कड़ी प्रतिक्रिया आई है। नेतन्याहू ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मार्क कार्नी को अपना गैर-जिम्मेदाराना बयान वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कनाडा ने हमेशा सभ्यता और सच्चाई का साथ दिया है और कार्नी को भी यही करना चाहिए।

### इस्राइल का समर्थन करे कार्नी- नेतन्याहू

नेतन्याहू ने ये भी कहा कि इस्राइल एकमात्र यहूदी राज्य है जो हमास के खिलाफ न्यायपूर्ण तरीके से युद्ध लड़ रहा है। कार्नी को उसे समर्थन देना चाहिए, ना कि उस पर हमला करना। हालांकि नेतन्याहू के इस प्रतिक्रिया पर मार्क कार्नी ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने नरसंहार शब्द नहीं सुना और वह केवल हथियारों पर लगे प्रतिबंध का जिक्र कर रहे थे। गौरतलब है कि 7 अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के प्रतिशोध के साथ शुरू हुए इस संघर्ष ने फलस्तीन में भाड़ी तबाही मचा दी। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के रिपोर्ट की माने तो अब तक इस युद्ध में 50000 से ज्यादा फलस्तीनी लोग मारे जा चुके है। वहीं लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है।

# ऑनलाइन वीडियो और पोस्ट लिखकर डोनाल्ड ट्रंप और सरकारी अधिकारियों की हत्या की दी धमकी

## युवक पुलिस हिरासत में

**वॉशिंगटन।** मिस्टर सैटन नामक खाते से पोस्ट किए गए वीडियो में कहा गया कि हमें बस लोगों को मारना शुरू करना होगा। ट्रंप, एलन, ट्रंप द्वारा नियुक्त सभी एजेंसियों के प्रमुखों और जो भी इस काम में बाधा बन रहा है। वीडियो का आईपी एड्रेस चेक किया गया तो वह शॉन मोनपर के घर का निकला। अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप का लगातार विरोध हो रहा है। इस बीच एक युवक ने ऑनलाइन वीडियो और संदेश पोस्ट करके ट्रंप और सरकारी अधिकारियों को हत्या करने की धमकी दे दी। न्याय विभाग ने कहा कि युवक पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी 32 वर्षीय शॉन मोनपर को हिरासत में ले लिया है। न्याय विभाग ने कहा कि एफबीआई को एक यूजर की ओर से पोस्ट की गई धमकियों के बारे में संदेश मिला। मिस्टर सैटन नामक खाते से पोस्ट किए गए वीडियो का आईपी एड्रेस चेक किया गया तो वह शॉन



मोनपर का घर निकला। शॉन मोनपर पेंसिलवेनिया का रहने वाला है, जहां चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप पर हमला किया गया था। जांच में सामने आया कि ट्रंप के शपथ लेने के बाद मोनपर ने एक कमेंट किया कि उसने शस्त्र लाइसेंस प्राप्त कर लिया है। उसने कई बंदूकें खरीद लीं हैं और वह गोला-बारूद जमा कर रहा है।

इसके बाद 17 फरवरी को उसने पोस्ट किया कि हमें बस लोगों को मारना शुरू करना होगा। ट्रंप, एलन, ट्रंप द्वारा नियुक्त सभी एजेंसियों के प्रमुखों और जो भी इस काम में बाधा बन रहा है। याद रखें, हम बहुसंख्यक हैं। एमएजीए देश में अल्पसंख्यक है और जब तक कदम उठाने का समय आएगा, तब तक वे कमजोर हो चुके होंगे। कई लोग इन नीतियों से कुचले जा चुके होंगे, और वे भी बदला लेना चाहेंगे। चार मार्च को युट्यूब पर लाइव में उसने कहा कि वह खुद ट्रंप की हत्या करने जा रहा है।

### ऐसे लोगों को छोड़ेंगे नहीं

अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने कहा कि लोग आश्वस्त रहें कि जब भी और जहां भी हत्या या सामूहिक हिंसा की धमकी होगी, न्याय विभाग संदिग्ध को ढूंढेगा, गिरफ्तार करेगा और कानून की पूरी सीमा तक मुकदमा चलाएगा तथा अधिकतम उचित सजा की मांग करेगा।

# कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध का मामला
## निर्वासन के खिलाफ अपील करेगा इस्राइल विरोधी महमूद खलील

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने महमूद खलील पर आतंकियों का समर्थन करने का आरोप लगाया है। हालांकि अभी तक ये साबित नहीं हुआ है। 8 मार्च को खलील को पुलिस ने यूनिवर्सिटी परिसर से ही हिरासत में लिया था।

बीते साल कोलंबिया विश्वविद्यालय में इस्राइल विरोधी और फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले महमूद खलील को निर्वासित करने का आदेश दे दिया गया है। अब महमूद खलील के वकील ने कहा है कि वे इस आदेश को चुनौती देंगे। संघीय अप्रवासन एजेंट्स ने बीते महीने महमूद खलील को हिरासत में लिया था। उल्लेखनीय है कि महमूद खलील अमेरिका का नागरिक है और उसकी पत्नी, जो गर्भवती है, वह भी अमेरिकी नागरिक है। हिरासत में लिए जाने के बाद महमूद खलील को कोलंबिया से हजारों मील दूर लुइसियाना के जेना में स्थित हिरासत केंद्र में रखा गया है।

### कोलंबिया विश्वविद्यालय में यहूदी विरोध प्रदर्शन का किया था नेतृत्व

खलील कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय मामलों का छात्र है। बीते साल जब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में गाजा के समर्थन में विरोध प्रदर्शन हुए तो महमूद खलील ने ही इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया था। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासनिक ब्लॉक पर कब्जा कर लिया था। जिसके चलते खासा हंगामा हुआ था और पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी थी। प्रदर्शन के दौरान महमूद खलील ने अपना चेहरा नहीं छिपाया और मीडिया से भी बात





की, जिससे वह ट्रंप प्रशासन के निशाने पर आ गया। व्हाइट हाउस ने महमूद खलील पर आतंकियों का समर्थन करने का आरोप लगाया है। हालांकि अभी तक ये साबित नहीं हुआ है। 8 मार्च को खलील को पुलिस ने यूनिवर्सिटी परिसर से ही हिरासत में लिया था।

### खलील पर किसी कानून के उल्लंघन का नहीं आरोप

खलील पर किसी कानून के उल्लंघन का आरोप नहीं है। यही वजह है कि खलील के वकील ने उसे हिरासत में रखने के आदेश को चुनौती दी है। वकील का कहना है कि अमेरिकी संविधान के पहले संशोधन में जो प्रावधान हैं, वे खलील के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करते हैं। इसी आधार पर खलील के निर्वासन के आदेश को चुनौती देने की तैयारी है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि हमास समर्थक, यहूदी विरोधी विरोध प्रदर्शनों में शामिल गैर अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित किया जाएगा। खलील के बाद कई छात्रों को निर्वासित कर भी दिया गया है।

# युगांडा में शुरू होगी आधार जैसी डिजिटल पहचान प्रणाली, यूपीआई अपनाने पर भी हो रहा विचार

**कंपाला।** डिजिटल भारत का असर पर युगांडा में भी देखने को मिलेगा। कारण है कि अब युगांडा सरकार भारत द्वारा विकसित ओपन-सोर्स तकनीक एमओएसआईपी पर आधारित आधार जैसी डिजिटल पहचान प्रणाली शुरू करने जा रहा है। साथ ही लेन-देन की लागत को कम करने के लिए यूपीआई को भी अपनाने पर विचार कर रहा है। अफ्रीकी देश युगांडा जल्द ही भारत द्वारा विकसित ओपन-सोर्स तकनीक एमओएसआईपी पर आधारित आधार जैसी डिजिटल पहचान प्रणाली शुरू करने जा रहा है। इसके साथ ही, युगांडा की सरकार भारत के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) को भी अपनाने पर विचार कर रहा है ताकि लेन-देन की लागत को कम किया जा सके। शनिवार को मामले में जानकारी देते हुए युगांडा के राष्ट्रीय पहचान और पंजीकरण प्राधिकरण (एनआईआरए) की प्रमुख रोजमेरी किसेम्बो ने जानकारी दी कि भारत के




आईआईटी बेंगलुरु द्वारा विकसित एमओएसआईपी सिस्टम को युगांडा के कानूनों के अनुसार पूरी तरह से ढाल लिया गया है।

### युगांडा में शुरू किए जाएंगे पांच मॉड्यूल

एनआईआरए की प्रमुख रोजमेरी किसेम्बो ने आगे इसके शुरूआती मॉड्यूल पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आने वाले हफ्तों में युगांडा में इसके पांच मॉड्यूल शुरू किए जाएंगे, जिसमें नया पंजीकरण, नवीनीकरण, जानकारी में सुधार, खोई हुई आईडी का पुनः निर्गमन इसके साथ ही पहली बार आईडी जारी करना शामिल है। किसेम्बो ने आगे बताया कि इस सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट पहले से ही चल रहा है और जल्द ही इसे जन्म व मृत्यु पंजीकरण के साथ भी जोड़ा जाएगा।

### भारतीय यूपीआई मॉडल की ओर भी विचार

युगांडा अब भारत के मॉडल को भी अपनाने की दिशा में सोच रहा है, जिससे लोगों को कम लागत में और तुरंत डिजिटल भुगतान की सुविधा मिल सके। इसको लेकर किसेम्बो ने कहा कि यूपीआई से हर नागरिक को एक फ्री वॉलेट मिलेगा, जिससे पैसा भेजना और लेना बहुत आसान हो जाएगा। उन्होंने भारत की एक अरब से ज्यादा लोगों तक आधार पहुंचाने की सफलता की तारीफ करते हुए कहा कि भारत की इस डिजिटल छलांग को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह युगांडा जैसे देशों के लिए प्रेरणा है।

### युगांडा के लिए फंड जुटाना एक चुनौती

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अफ्रीका में ऐसे प्रोजेक्ट्स के लिए फंड जुटाना बड़ी चुनौती है। किसेम्बो ने दुनिया भर के निवेशकों से अफ्रीका में डिजिटल बदलाव में सहयोग करने की अपील की। गौरतलब है कि मओएसआईपी प्लेटफॉर्म भारत में ही विकसित हुआ है और अब यह कई देशों में इस्तेमाल किया जा रहा है। युगांडा इस तकनीक को अपनाने वाला एक और नया देश बने की राह पर है

# ब्रिटिश सरकार ने बुलाई संसद की आपात बैठक, स्टील फैक्ट्री को बचाने के लिए कानून पारित करना उद्देश्य

**ब्रिटिश।** ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को संसद का आपातकालीन सत्र बुलाया। इसका उद्देश्य कच्चे माल से स्टील बनाने वाली देश की आखिरी फैक्ट्री को बचाने के लिए कानून पारित करना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयातित स्टील पर टैरिफ लगाया है। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के कार्यालय द्वारा जारी किए गए बयान के अनुसार, सांसदों को शनिवार को ईस्टर की छुट्टी से वापस आकर कानून पर बहस करने के लिए कहा गया है, जिससे इंग्लैंड के उत्तरी शहर स्कनथॉर्प में स्थित ब्रिटिश स्टील प्लांट को सरकारी नियंत्रण में लिया जा सके और उसे बंद होने से बचाया जा सके। बयान में कहा गया है, 'यह विधेयक सरकार को इंग्लैंड में स्टील कंपनियों को निर्देश देने की शक्ति प्रदान करता है,



जिसका उपयोग हम स्कनथॉर्प प्लांट की सुरक्षा के लिए करेंगे।'

### स्कनथॉर्प प्लांट को चलाना बहुत मुश्किल : जिंगे

हालांकि, सरकार ने 'राष्ट्रीयकरण' शब्द का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन यह साफ है कि स्टार्मर की केंद्र-वाम सरकार चीनी कंपनी जिंगे ग्रुप से ब्रिटिश स्टील फैक्ट्री के दैनिक संचालन को अपने हाथ में ले सकती है। वहीं, जिंगे ने कहा है कि स्कनथॉर्प प्लांट को चलाना अब बहुत मुश्किल हो गया है, क्योंकि बाजार के हालात खराब हैं। अमेरिका ने टैरिफ लगाया है, जिससे पर्यावरण से जुड़ी लागतें भी बहुत बढ़ गई हैं।

### ट्रंप के टैरिफ से ब्रिटिश स्टील को पहुंचा नुकसान

पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सभी आयातित स्टील और एल्युमीनियम पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया, जिससे ब्रिटिश स्टील को बड़ा नुकसान पहुंचा है। हालांकि, ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने ट्रंप के टैरिफ पर नाराजगी जताई है, लेकिन उन्होंने जवाबी कार्रवाई नहीं की। स्टार्मर इस टैरिफ को हटवाने के लिए बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं।

# कब थमेगी रूस-यूक्रेन की जंग? संघर्ष विराम वार्ता के लिए रूस पहुंचे अमेरिकी राजदूत विटकॉफ

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन की जंग अब भी जारी है। संघर्ष विराम की तमाम कोशिशों के बाद भी दोनों देश जंग के मैदान में आमने-सानमे हैं। इस बीच अमेरिका ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सीधे बातचीत करने की कवायद शुरू की है। रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने का नाम नहीं ले रही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लाख कोशिशों के बाद भी दोनों देश आमने-सामने हैं और जंग के मैदान में खूनी खेल जारी है। इस बीच संघर्ष विराम की कवायदों के मद्देनजर अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ रूस पहुंचे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को बताया कि यूक्रेन जंग के लिए युद्ध विराम समझौते की दिशा में चल रहे प्रयासों के तहत क्रेमलिन और रूसी राष्ट्रपति




व्लादिमीर पुतिन के साथ सीधी बातचीत करने के लिए अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ वर्तमान में रूस में हैं।

### अंतिम शांति समझौते की दिशा में एक अहम कदम

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान लेविट ने कहा कि यह युद्ध विराम के लिए बातचीत की प्रक्रिया के साथ-साथ अंतिम शांति समझौते की दिशा में एक अहम कदम है। ट्रंप इस संघर्ष के दोनों पक्षों से काफी निराश हैं। वे लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। यह शांति वार्ता में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के अमेरिकी प्रशासन के इरादे को साफ करता है।

### रूस और यूक्रेन दोनों से निराश हैं ट्रंप

लेविट ने कहा, 'मैं पुष्टि कर सकती हूं कि स्टीव विटकॉफ क्रेमलिन और पुतिन के साथ सीधे बातचीत करने के लिए रूस में हैं। युद्ध विराम और अंतिम शांति समझौते की दिशा में बातचीत की प्रक्रिया में यह एक और कदम है। राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे इस संघर्ष के दोनों पक्षों से लगातार निराश हैं।

### सामने आया था पुतिन की ओर से विटकॉफ का स्वागत करने का फुटेज

इससे पहले दिन में रूसी टेलीविजन ने सेंट पीटर्सबर्ग में राष्ट्रपति पुस्तकालय में पुतिन की ओर से विटकॉफ का स्वागत करने का फुटेज प्रसारित किया था। अल जजीरा ने राज्य मीडिया एजेंसियों का हवाला देते हुए बताया था कि बातचीत चार घंटे से अधिक समय तक चली थी। क्रेमलिन की मानें तो बैठक में यूक्रेनी समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इससे पहले क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने यह भी संकेत दिया था कि निकट भविष्य में पुतिन और ट्रंप के बीच आमने-सामने की मुलाकात भी संभव है।


### ट्रंप ने दी थी पुतिन को सख्त चेतावनी

इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को सख्त चेतावनी दी थी कि अगर वह यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में सहयोग नहीं करते तो रूस के खिलाफ टैरिफ लगाए जा सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक, एनबीसी न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, 'मैं बहुत नाराज था। पुतिन जब जेलेन्स्की की साख पर सवाल उठाने लगे, तो मुझे गुस्सा आ गया। यह सही दिशा नहीं है।' ट्रंप ने कहा कि अगर नया नेतृत्व आता है तो कोई समझौता लंबे समय तक नहीं हो पाएगा। उन्होंने आगे चेताया कि अगर रूस समझौते के लिए तैयार नहीं होता तो उसके तेल पर अमेरिका की ओर से नए द्वितीयक टैरिफ भी लगाए जा सकते हैं।

# पाकिस्तान में 29 मिनट में दो बार आया भूकंप, 5.5 और 5.8 रही तीव्रता, जम्मू-कश्मीर में भी कांपी धरती

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान में आए भूकंप से पहले नेपाल में 4 अप्रैल और ताइवान में 9 अप्रैल को भूकंप के झटके लगे थे। इसका असर उत्तर भारत में भी महसूस हुआ था। पहला झटका 5.2 और दूसरा 5.5 तीव्रता का बताया गया। इससे पहले म्यांमार मं 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के भूकंप ने जमकर तबाही मचाई थी।

पाकिस्तान में शनिवार को आधे घंटे के अंतराल में भूकंप के दो तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.5 और 5.8 मापी गई। पहला झटका दोपहर 12.31 बजे और दूसरा झटका एक बजे महसूस किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, दोपहर एक बजे आए भूकंप का केंद्र जमीन से करीब 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप का असर भारत में जम्मू-कश्मीर समेत कुछ अन्य हिस्सों तक महसूस किया गया। हालांकि, अब तक भूकंप की वजह से किसी भी तरह




के नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। इससे पहले समाचार एजेंसी पीटीआई ने राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र (एनएसएमसी) के हवाले से बताया कि पहला झटका 12.31 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन की सतह से 12 किलोमीटर की गहराई में था। इसकी तीव्रता 5.5 बताई गई। भूकंप के झटके पंजाब के अटक, चकवाल और मियांवाली जिलों और आस-पास के इलाकों में महसूस किए गए। इसके अलावा पेशावर, मर्दन, मोहमंद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शबकदर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

इससे पहले 9 अप्रैल को ताइवान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। केंद्रीय मौसम विभाग ने भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गई थी। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण के मुताबिक, 5.0 तीव्रता का भूकंप यिलान के दक्षिण-दक्षिणपूर्व में पूर्वोत्तर तट पर लगभग 21 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर आया। इसका केंद्र जमीन की सतह से 69 किलोमीटर (43 मील) गहराई में था। इससे पहले थाईलैंड और म्यांमार में 28 मार्च को आए विनाशकारी भूकंप ने खूब तबाही मचाई थी। त्रासदी में अब तक करीब 4000 लोगों की जान जा चुकी है। 7.7 तीव्रता के भूकंप ने देश के बड़े हिस्से को प्रभावित किया था। इससे छह राज्यों को काफी नुकसान पहुंचा था। भूकंप के कारण कई इलाकों में बिजली, टेलीफोन या सेल कनेक्शन ध्वस्त हो गए थे। सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे।

# सिंगापुर सरकार ने 4 भारतीयों को किया सम्मानित जान जोखिम में डालकर बचाई थी बच्चों-वयस्कों की जिंदगी

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार ने चार भारतीय प्रवासी कामगारों को आग से जलते एक शॉपहाउश से बच्चों और वयस्कों की जान बचाने के लिए सम्मानित किया है। इस हादसे में कुल 16 बच्चे और छह वयस्क फंसे हुए थे। ये चार बहादुर भारतीय इंदरजीत सिंह, सुब्रमण्यन शरणनराज, नागराजन अंबरासन और सिवासामी विजयाराज हैं। इन सभी को सिंगापुर के श्रम मंत्रालय के एसीई (आश्वासन, देखभाल और सहभागिता) ग्रुप की ओर से 'फ्रेंड्स ऑफ एसीई' सम्मान दिया गया, जो प्रवासी कामगारों की भलाई के लिए काम करता है।

### क्या हुआ था?

आठ अप्रैल की सुबह जब इन कामगारों ने पास की इमारत से बच्चों की चीखें सुनीं और धुआं निकलते देखा, तो वे तुरंत हरकत में आ गए। उन्होंने अपने निर्माण स्थल से मचान और सीढ़ी उठाई और सामने की इमारत



में फंसे बच्चों को बचाने पहुंच गए। यह शॉपहाउस बच्चों के लिए कुकिंग कैंप चलाता है।

### किस तरह बचाया?

कामगारों ने बच्चों को खिड़की के बाहर की मुंडेर पर खड़ा किया गया। इसके बाद मानव श्रृंखला बनाकर बच्चों को एक-एक कर नीचे सुरक्षित उतारा। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सुरक्षा उपकरण के ही उन्हें बचाया। सिर्फ 10 मिनट में उन्होंने सिंगापुर सिविल डिफेंस फोर्स (एससीडीएफ) के पहुंचने से पहले ही 10 बच्चों की जान बचा ली थी।

### कामगारों ने क्या कहा

तमिलनाडु के रहने वाले सुब्रमण्यन शरणराज ने कहा, हमारे भी बच्चे हैं। अगर हमारे बच्चे फंसे होते तो क्या हम चुपचाप देखते रहते? उनके साथी नागराजन अंबरासन ने भी कहा, जब बच्चों को तकलीफ में देखा तो हमसे सहन नहीं हुआ।

### हादसे में एक बच्ची की मौत

दुर्भाग्यवश, आग में झुलसी एक 10 साल की ऑस्ट्रेलियाई बच्ची की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

### आग कैसे लगी?

आग तीन मंजिला शॉपहाउस (ग्राउंड फ्लोर पर दुकान और ऊपर मकान) के दूसरे माले पर बने एक स्टोरेज एरिया से शुरू हुई थी। जांच में पता चला कि इमारत में फायर सेफ्टी के कई नियमों का उल्लंघन किया गया था, जैसे कि बिना अनुमति के अंदर दीवारें खड़ी करना।

इस शॉपहाउस की केवल पहली मंजिल ही बच्चों के उपयोग के लिए थी, जबकि ऊपर की दो मंजिले और अटारी सिर्फ आवासीय उपयोग के लिए थे।

# उत्थान समिति के तत्वाधान में हुआ नमामी हरनंदे का आयोजन

## हिंडन महोत्सव में आलोक श्रीवास्तव और डॉ समीक्षा शर्मा ने बिखेरी अपनी छटा










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्थान समिति के तत्वाधान में हिंडन महोत्सव का आयोजन हो रहा है। समिति के चेयरमैन सतेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पूरे हिंडन महोत्सव 2.25 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन करोडों लोगों में नदियों के प्रति पर्यावरण जागरूकता से सम्बन्धित है।

उत्थान समिति हिंडन महोत्सव के जरिए हिडंन नदी को लेकर जनजागृति पैदा कर रही है। उसकी थीम भी स्वच्छ नदी स्मृद्ध भविष्य है। शनिवार को हिंदी भवन में नमामी हरनंदे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्थान समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया। नमामी हरनंदे कार्यक्रम में जहां समिति द्वारा प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया।

वहीं सुप्रसिद्ध कवि एवं गीतकार आलोक श्रीवास्तव में आलोक नामा के जरिए कार्यक्रम को यादगार बनाया तो वहीं सुप्रसिद्ध कत्थक नृतंगना डॉ समीक्षा शर्मा की प्रस्तुति भी शानदार रही।

समिति के चेयरमैन सतेन्द्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आस्था, श्रृद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को पूरे महानगर में श्री हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। महानगर में अनेकों स्थानों पर सुंदरकांड, कीर्तन तथा भंडारे का आयोजन हुआ। महानगर के सुप्रसिद्ध तथा प्राचीन हनुमान मंदिर चौपला पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव पूरी आस्था और श्रृद्धा के साथ मनाया गया। व्यापारी नेता अनिल अग्रवाल सावंरिया ने यहां व्शिेष रूप से पूजन अर्चन का आयोजन किया। स्थानीय पार्षद राजीव शर्मा भी भक्ति भाव के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए। चौपला पर आयोजित प्रभु श्री हनुमान जन्मोत्सव में महानगर के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और इस जन्मोत्सव में भाग लिया।

## राज नगर एक्सटेंशन में बनेगा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, महापौर ने किया शिलान्यास

### 3 मंजिला इमारत का होगा सुंदर स्वरूप, 27 दुकानों के साथ होंगे 2 हॉल और कैफेटेरिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज नगर एक्सटेंशन स्थित पुलिस चौकी के बराबर में नगर निगम की भूमि पर 2 करोड़ 25 लाख की लागत से अवस्थापना निधि के अंतर्गत नगर निगम का कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा जिसका शनिवार को महापौर सुनीता दयाल ने शिलान्यास किया है। जिसमें 3 मंजिला इमारत बनेगी, और 2 हॉल, 27 दुकानें, कैफेटेरिया, शौचालय एवं पेड़ पौधे हरियाली आदि का कार्य किया जाएगा।



### शहर को मिलेगी एक नई सौगात और नगर निगम की बढ़ेगी आय : महापौर



### कॉम्प्लेक्स में हरियाली और पार्किंग की सुविधा भी रहेगी : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि नगर निगम के आय के साधन बढ़ाने के लिए हम सबने एक कदम बढ़ाया है एवं इसी प्रकार कैला भट्ठा व क्रोसिंग में भी आय बढ़ाने के एवं जनता की सुविधाओं के लिए नई नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। यह कॉम्प्लेक्स बहुत ही सुंदर बनेगा और चारों ओर हरयाली और पार्किंग की सुविधा भी रहेगी।

### नगर निगम की भूमि को लगातार कब्जा मुक्त करा रही हैं महापौर सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल लगातार नगर निगम की भूमि को कब्जा मुक्त करा रहीं है और पूर्व में यह भूमि भी कब्जे में थी तब महापौर सुनीता दयाल ने ही शिकायत मिलते ही तोड़ फोड़ की कार्यवाही कराई थी एवं नगर नीव की भूमि को बचाने के लिए उन्होंने नगर आयुक्त से साथ बैठकर नगर निगम की दुकानें बनाने की योजना बनाई और फिर अवस्थापना निधि की बैठक में कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव पर 2 करोड़ 25 लाख के बजट की मोहर लगाई जिसका शनिवार को निर्माण कार्य भी शुरू कराया गया है। उपरोक्त कॉम्प्लेक्स बनाये जाने से नगर निगम की भूमि कब्जा मुक्त रहेगी और नगर निगम की आय भी बढ़ेगी। नगर निगम में दुकान एवं कॉम्प्लेक्स की आदि बनाने की गति धीमी हो गई थी जिसमें अब तेजी आएगी और नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए अलग अलग तरह से कार्य किया जा रहा है।

## गाजियाबाद में 'भारत और उसका वैज्ञानिक गौरव' कार्यक्रम का किया आयोजन

### भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी एवं यूथ यूनिटी फाउंडेशन के संस्थापक विनीत वत्स त्यागी द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में भारत के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए 'भारत और उसका वैज्ञानिक गौरव' कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में गाज़ियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रही। विनीत वत्स त्यागी ने आईआईटी कानपुर और ब्रहत रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से, अपनी संस्था यूथ यूनिटी फाउंडेशन द्वारा भारत की प्राचीन और समृद्ध वैज्ञानिक विरासत को पुनः उजागर करने एवं युवा पीढ़ी को इससे जोड़ने के उद्देश्य से 'भारत और उसका वैज्ञानिक गौरव' कार्यक्रम 12 अप्रैल को कविनगर रामलीला मैदान के जानकी भवन में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भारत के अनेक राज्य, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, बंगाल, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों के विद्यार्थियों ने 2-3 प्रतिभागियों की टीम बनाकर गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, वास्तुकला और राजनीति विज्ञान सहित विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत के योगदान पर गहन शोध कर अपनी प्रविष्टियां 3 अप्रैल तक प्रस्तुत की थीं, जिसको आईआईटी कानपुर और आईआईटी दिल्ली के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर 30 टीमों को गाजियाबाद आकर अपनी-अपनी शोध प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत करने के लिए चयनित किया गया था।






चयनित 30 टीमों ने प्रतिष्ठित जूरी के समक्ष अपना शोध लाइव प्रस्तुत किया, जिसमें 1 लाख का प्रथम पुरस्कार महाराष्ट्र के सौरभ मोरे, सौरभ पाटिल को, 51000 का द्वितीय पुरस्कार महाराष्ट्र के सिद्धि अविनाश देशमुख, श्रीधर राजशेखर, सिद्धांत संजय देशपांडे को एवं 31000 का तृतीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश के मुदित वशिष्ठ, सान्या वत्स को मिला एवं चौथे से दसवें स्थान पर आने वाली प्रतिभागी टीम को रुपए 10,000 का नकद पुरस्कार दिया जाएगा और 11वें से 20वें स्थान पर आने वाले प्रतिभागी टीम को रुपए 5,000 का नकद पुरस्कार व सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी दिया गया।

## हनुमान जयंती पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने किया भंडारे का आयोजन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को शहर के हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान राम और उनके परम भक्त मारुतिनंदन हनुमान जी की पूजा अर्चना करने पहुंचे। पूजा अर्चना के बाद दोपहर में मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर इंदिरापुरम स्थित न्याय खंड एक कार्यालय पर पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई।




कार्यालय परिसर स्थित हनुमानजी मंदिर पर पहुंचकर हवन व पूजा अर्चना की और बड़ी धूमधाम से जयंती मनाई। इस अवसर पर सभासद सीपी शर्मा, सुनील, पिंटू यादव, अनुपम सिंह, होतीलाल, रहीस मलिक, राजेश कुमार, रोहतास यादव, अमित जलोटा, भारत राम, शाहिद मलिक, भाजपा नेता सतीश कासना मौजूद रहे।

## ए.बी.ई.एस. कॉलेज में डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. कॉलेज, गाजियाबाद में शनिवार को 17वें डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में वर्ष 2023-24 में उत्तीर्ण हुए बी.टेक., एम.टेक., एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. के 1468 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई तथा 67 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो.(डॉ.) जे.पी. पांडेय, कुलपति, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि गोविंद नेगी, संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इन्क्रेडिबल वर्कप्लेसेस एवं के. एस. पूनिया, उपाध्यक्ष, जोखिम एवं अनुपालन प्रमुख, टेक महिंद्रा लिमिटेड द्वारा किया गया। ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो.(डॉ.) डी.के. शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। चेयरमैन नीरज गोयल, निदेशक अजय सिंह और सलाहकार रघुनन्दन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में कार्यक्रम की संयोजिका नितिका जैन, सह-संयोजक डॉ. डी.के. आर्या, समस्त डीन, समस्त विभागाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉ. तरूण अरोड़ा का विशेष योगदान रहा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सासंद डॉ अनिल अग्रवाल का आवास इन दिनों कुछ खास सियासी कदमों का गवाह बन रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अगर गाजियाबाद आते हैं तो उनके कदम विशेष रूप से डॉ अनिल अग्रवाल के आवास पर पड़ते हैं। शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा सांसद तेजस्वी सूर्या गाजियाबाद आये। एक बार फिर डॉ अनिल अग्रवाल का आवास इस खास मुलाकात का गवाह बना। पूर्व राज्ययसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने इस मुलाकात को फेसबुक पर साझा किया। अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम ऑफ द डे।